लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

विज्ञापन संख्या : ए-1/ई-1/2012
दिनांक : 28 जनवरी, 2012

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा - 2012

ओ.एम.आर. आवेदन पत्र डाकघरों के माध्यम से दिनांक 28 जनवरी, 2012 से प्राप्त किए जा सकते हैं।
आवेदन-पत्रों की बिक्री तथा जमा करने की अन्तिम तिथिः 24 फरवरी, 2012

अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक सूचना

इस विज्ञापन का विस्तृत रुप आयोग के वेब-साईट http://www.uppsc.org.in पर भी उपलब्ध है। इस परीक्षा में ओ.एम.आर. आवेदन पत्र पद्धति लागू है तथा अभ्यर्थियों को उक्त ओ.एम.आर. आवेदन पत्र प्रत्येक जिले के मुख्य डाकघर अथवा उनके द्वारा निर्देशित डाकघरों से जिनकी सूची क्रम सं. 9(2) के नीचे दी गयी है मूल्य के आधार पर उपलब्ध कराये जायेंगे। उक्त आवेदन पत्र का निर्धारित मूल्य PREGEN (सामान्य, उ.प्र. के अन्य पिछड़े वर्ग, तथा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिये) सीरीज रु. 155/- एवं PRERES (उ.प्र. के अनुसूचित जाति तथा उ.प्र. के अनुसूचित जनजाति के लिए) सीरीज रु.95/- है। क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाले उ.प्र. के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित तथा उ.प्र0. के भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी आवेदन पत्र अपनी मूल श्रेणी के अनुसार ही क्रय करेंगें परन्तु उत्तर प्रदेश के समाज के विकलांग अभ्यर्थी PREPH सीरीज का फार्म जिसका मूल्य रु0 55/- मात्र (फार्म सेट का मूल्य रु0 25/- + डाक व्यय रु0 30/-) है, ही क्रय कर आयोग को प्रेषित करेंगे। 2.अभ्यर्थी अपने ओ.एम.आर. आवेदन पत्र की एक फोटो प्रति करवा कर अपने पास अवश्य रखें तथा भविष्य में किये जाने वाले पत्राचार में उक्त ओ.एम.आर. फार्म नं. का उल्लेख अवश्य करें।

नोटः विकलांग श्रेणी से सम्बन्धित अभ्यर्थी यदि विकलांगता का लाभ चाहते हैं तो PREPH सीरीज का फार्म ही आयोग को प्रेषित करेंगे।

1.उ0प्र0 लोक सेवा आयोग सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2012 में प्रवेश हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु इस विज्ञापन के परिशिष्ट-1 में उल्लिखित जिलों में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर एक प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन करेंगे। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों की सूचना प्रवेश पत्र के माध्यम से दी जायेगी।

2. रिक्तियों की संख्या : ''वर्तमान में रिक्तियों की अनुमानित संख्या 100 है। शासनादेश संख्या 15/42/198-का-4-2003, दिनांक 28 जून 2003 के प्राविधानुसार वेतनमान रु0 5500-9000 (पुराना वेतनमान) तथा उच्च वेतनमान के पदों को प्रश्नगत परीक्षा में विनिर्दिष्ट किये जाने की व्यवस्था के दृष्टिगत सम्मिलित किये जाने वाले सम्भावित पदों का विवरण इस प्रकार है-

सहायक लेखाधिकारी (कोषागार), कोषाधिकारी/लेखाधिकारी (कोषागार), वाणिज्य कर अधिकारी, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, असिस्टेन्ट कमिश्नर, (वाणिज्य कर), कार्य अधिकारी (पंचायती राज), उपसचिव (आवास एवं शहरी नियोजन), क्षेत्रीय रासनिंग अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, नायब तहसीलदार, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस, पुलिस उपाधीक्षक, डिप्टी कलेक्टर, जिला बचत अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त, अधिशासी अधिकारी (नगर विकास), खण्ड विकास अधिकारी, लेखा अधिकारी (नगर विकास), जिला पूर्ति अधिकारी ग्रेड-2, अपर जिला विकास अधिकारी, (सक), अधीक्षक कारागार, यात्री/माल कर अधिकारी, प्रबन्धक (ऋण), लघु उद्योग प्रबन्धक (विपणन एवं आर्थिक सर्वेक्षण), लघु उद्योग, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी, सहायक सेवायोजन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1/ सहायक नगर आयुक्त, सहायक लेखाधिकारी (स्थानीय निकाय) क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी, सहायक निबन्धक (सहकारिता), उपनिबन्धक, सहायक अभियोजन अधिकारी (परिवहन), जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी ग्रेड-2, जिला उद्यान अधिकारी ग्रेड-1 व अधीक्षक राजकीय उद्यान, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी उत्तर प्रदेश कृषि सेवा समूह ''ख'' (विकास शाखा), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य समकक्षीय प्रशासनिक पद जिला प्राशनिक अधिकारी, जिला लेखापरीक्षा अधिकारी (वित्त लेखा परीक्षा अनुभाग), सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान (ग्रेड-I), सहायक निदेशक उद्योग (विपणन), सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी, वरिष्ठ प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान।

उपर्युक्त में से वरिष्ठ प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, सहायक लेखाधिकारी (कोषागार), सहायक निबन्धक, जिला उद्यान अधिकारी ग्रेड-1, जिला उद्यान अधिकारी ग्रेड-2, तथा पुलिस उपाधीक्षक के पदों का अधियाचन प्राप्त हो चुका है। शेष जिन पदों का अधियाचन प्रारम्भिक परीक्षा के परिणाम आने तक प्राप्त हो जायेगा, इस परीक्षा में सम्मिलित किये जा सकते हैं। अतः रिक्तियों की संख्या घट बढ़ सकती है।''

3. आरक्षण : उ.प्र. के अनुसूचित जातियों / उ.प्र. के अनुसूचित जनजातियों/उ.प्र. के अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण विद्यमान शासनादेशों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा - उ.प्र. के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित/उ.प्र. के महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासनादेशों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा। उ.प्र. के समाज के विकलांग अभ्यर्थियों के लिए शासन द्वारा अधिसूचित (चिन्हित) किये गये पदों पर ही आरक्षण अनुमन्य होगा।

नोट : (1) आरक्षण का लाभ चाहने वाले अभ्यर्थी संबंधित आरक्षित श्रेणी के समर्थन में इस विस्तृत विज्ञापन में मुद्रित तथा वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारुप पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लें एवं जब उनसे अपेक्षा की जाय तब वे उसे आयोग को प्रस्तुत करें। **(2)** उ.प्र. के आरक्षित श्रेणी के सभी अभ्यर्थी ओ.एम.आर. आवेदन-पत्र में अपनी श्रेणी अवश्य अंकित करें। **(3)** एक से अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट, जो अधिक लाभकारी होगी, दी जायेगी। **(4)** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, तथा महिला अभ्यर्थियों को, जो उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासी नहीं हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं है, ऐसे अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी माने जायेंगे। भूतपूर्व सैनिकों हेतु समूह 'ग' के पदों की उपलब्धता होने की दशा में अद्यतन शासनादेशों के अनुसार 5 प्रतिशत का आरक्षण देय है।

4. आपात कमीशन प्राप्त/अल्पकालिक कमीशन प्राप्त अधिकारियों की पात्रता की शर्तें : (केवल आयु में छूट हेतु) आपात कमीशन प्राप्त / अल्पकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो सेना से अवमुक्त नहीं हुये हैं, किन्तु जिनकी सैन्य सेवा में पुनर्वास के लिए वृद्धि की गई है, भी इस परीक्षा के लिये शासनादेश संख्या- 22/10/1976-कार्मिक - 2,85, दिनांक 30 जनवरी, 1985 के अनुसार निम्नलिखित शर्तों पर आवेदन कर सकते हैं : **(1)** ऐसे आवेदकों को थल सेना/नौ सेना/वायु सेना के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा कि उनकी सेवा में वृद्धि पुनर्वास के लिये की गयी है और उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित नहीं है। **(2)** ऐसे आवेदकों को यथा-समय यह लिखित अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करना होगा कि आवेदित पद के लिये चुन लिये जाने पर वे अपने को सैन्य सेवा से तत्काल अवमुक्त करा लेंगे। आपात/अल्पकालिक कमीशन प्राप्त अधिकारी को यह सुविधा अनुमन्य नहीं होगी, यदि - **(क)** उसे सेना में स्थायी कमीशन प्राप्त हो गया है। **(ख)** वह त्याग पत्र देकर सेना से अवमुक्त हुआ है। **(ग)** वह सेना से कदाचार अथवा शारीरिक अक्षमता के कारण अवमुक्त हुआ हो।

5. वैवाहिक प्रास्थिति : ऐसे विवाहित पुरूष अभ्यर्थी, जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नी हो तथा महिला अभ्यर्थी जिन्होंने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसकी पहले से ही एक पत्नी हो पात्र नहीं होंगे, जब तक कि महामहिम राज्यपाल ने उक्त शर्त से छूट प्रदान न कर दी हो।

6. शैक्षिक अर्हता : आवेदन पत्र स्वीकार किए जाने की अन्तिम तिथि तक अभ्यर्थियों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक डिग्री या समकक्ष अर्हता अवश्य धारित करनी चाहिए। इसका उल्लेख अभ्यर्थी अपने ओ.एम.आर. आवेदन पत्र के निर्धारित स्तम्भ में करें किन्तु कतिपय पदों हेतु विशिष्ट अर्हतायें भी हैं जिसका विवरण निम्नवत है-

उप निबन्धक, सहायक अभियोजन अधिकारी (परिवहन)	विधि स्नातक
जिला उद्यान अधिकारी ग्रेड-2, जिला उद्यान अधिकारी ग्रेड-1 व अधीक्षक राजकीय उद्यान, जिला उद्यान अधिकारी	उद्यान में विज्ञान स्नातक (कृषि), बी.एस.सी. कृषि या उद्यान विषय में समकक्ष उपाधि
जिला गन्ना अधिकारी, उ0प्र0 कृषि सेवा समूह 'ख' (विकास शाखा)	कृषि स्नातक
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य समकक्षीय प्रशासनिक पद, जिला प्रशासनिक अधिकारी	स्नातकोत्तर उपाधि
जिला लेखा परीक्षा अधिकारी (वित्त लेखा परीक्षा अनुभाग)	वाणिज्य स्नातक
सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान (ग्रेड-I)	एक विषय के रूप में भौतिकी या यांत्रिकी अभियंत्रण सहित विज्ञान में उपाधि
सहायक निदेशक उद्योग (विपणन)	कला, विज्ञान या वाणिज्य या प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि या वस्त्रोद्योग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातकोत्तर उपाधि या वस्त्रोद्योग में कम से कम स्नातक उपाधि।
सहायक श्रमायुक्त	वाणिज्य/विधि या एक विषय के रूप में अर्थशास्त्र या समाजशास्त्र के साथ कला में स्नातक।
जिला कार्यक्रम अधिकारी	समाज शास्त्र या समाज विज्ञान या गृह विज्ञान या समाज कार्य में स्नातक उपाधि।
वरिष्ठ प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	स्नातकोत्तर उपाधि के साथ शिक्षा स्नातक
जिला प्रोबेशन अधिकारी	मनोविज्ञान या सामज शास्त्र या सामाजिक कार्य में स्नाकोत्तर उपाधि या उसके समकक्ष कोई अर्हता या सामाजिक कार्य की किसी मान्यता प्राप्त संस्था से सामाजिक कार्य की किसी शाखा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

उक्त अर्हताओं का भी उल्लेख ओ.एम.आर. आवेदन पत्र के साथ अनुदेश में दिया गया है, का भी अंकन ओ.एम.आर. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी अवश्य करें। वरिष्ठ प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता स्नातकोत्तर उपाधि के साथ शिक्षा स्नातक है। अतः जो अभ्यर्थी इस पद हेतु शैक्षिक अर्हता ''शिक्षा स्नातक'' धारित करते हों वे ओ.एम.आर. आवेदन पत्र के कॉलम 9.1 (ii) (i) से (6) में शैक्षिक अर्हता कोड संख्या ''23'' का उल्लेख करें तथा स्नातकोत्तर की अर्हता 9.1 (i) में दें, ताकि ऐसे अर्हता वाले पदों के उपलब्ध होने पर उनके सापेक्ष इनका अभ्यर्थन निर्धारित किया जा सके।

7. आयु सीमा : (1) अभ्यर्थियों को 01 जुलाई, 2012 को 21 वर्ष की आयु अवश्य पूरी करनी चाहिए और उन्हें 35 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए, अर्थात उनका जन्म 02 जुलाई, 1977 से पूर्व तथा 01 जुलाई, 1991 के बाद का नहीं होना चाहिए।

(2) अधिकतम आयु सीमा में छूट : (क) उ.प्र. के अनुसूचित जाति, उ.प्र. के अनुसूचित जनजाति, उ.प्र. के अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों तथा उ.प्र. के स्वतंत्रता संग्रम सेनानियों के आश्रितों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। यह छूट केवल उ.प्र. के मूल निवासी अभ्यर्थियों को ही अनुमन्य होगी। **(ख)** उ.प्र. के समाज के विकलांग अभ्यर्थियों के लिये अधिसूचित/चिन्हित पदों की उपलब्धता की स्थिति में अधिकतम आयु सीमा 15 वर्ष अधिक होगी। राज्य सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) में डिप्टी कलेक्टर पद हेतु ऐसे आवेदकों को अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त इस आशय का विकलांगता प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा कि उनकी शारीरिक अक्षमता इस प्रकार की नहीं है जो इस सेवा के कर्तव्यों के पालन में बाधक हो। **(ग)** आपात कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकमीशन प्राप्त अधिकारियों/भूतपूर्व सैनिकों के लिये जिन्होंने सेना में कम से कम 05 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, समूह 'ख' हेतु अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी परन्तु समूह 'ख' के पदों हेतु आरक्षण नहीं होगा। परीक्षा में समूह 'ग' के पदों की उपलब्धता की स्थिति में नियमानुसार आयु सीमा में छूट एवं आरक्षण देय होगा। **(घ)** शासनादेश संख्या-22/21/1983-कार्मिक-2, दिनांक 28.11.1985 के अनुसार राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के वर्गीकृत खेलों के उत्तर प्रदेश के कुशल खिलाड़ियों के लिए अधिकतम आयु-सीमा 05 वर्ष अधिक होगी। कुशल खिलाड़ी अपने प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त कर लें तथा उनसे जब माँग की जाय तो आयोग को प्रस्तुत करें और मुख्य परीक्षा के आवेदन-पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें।

8. शुल्क : (1) प्रारम्भिक परीक्षा हेतु शुल्क प्रत्येक अभ्यर्थी से आवेदन पत्र के मूल्य के साथ लिया जायेगा जिसके लिफाफे पर सर्म्पूण विवरण अंकित है। अभ्यर्थी को अलग से कोई बैंक ड्राफ्ट/ट्रेजरी चालान जमा नहीं करना हैं। **(2)** मुख्य परीक्षा हेतु शुल्क : मुख्य परीक्षा में प्रवेश हेतु सफल सामान्य अभ्यर्थियों, उ.प्र. के अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों तथा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क रु. 230/- तथा उ.प्र. के अनुसूचित जाति/उ.प्र.के अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों हेतु शुल्क रु. 110/- निर्धारित है। क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाले उ.प्र. के समाज के विकलांग अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु कोई शुल्क देय नहीं है परन्तु उ.प्र. के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित तथा उ.प्र. के सेना के अवमुक्त अधिकारी/सैन्य वियोजित कर्मचारी/भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी जिस मुख्य श्रेणी से सम्बन्धित होंगे, उन्हें उसी वर्ग/श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। यह शुल्क उन्हें मुख्य परीक्षा के आवेदन-पत्र के साथ जमा करना होगा।

9. आवेदन-पत्र का स्वरूप : (1) इस स्तर पर आवेदन-पत्र केवल प्रारम्भिक परीक्षा के लिये आमंत्रित किये जा रहे हैं। मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र, जो उन्हें आयोग द्वारा भेजे जायेंगे, पर पुनः आवेदन करना होगा। **(2) आवेदन कैसे करें :** प्रारम्भिक परीक्षा हेतु ओ. एम. आर. आवेदन-पत्र निर्देशों सहित विज्ञापन की तिथि से आवेदन-पत्र प्राप्त किये जाने की अंतिम तिथि तक निम्नलिखित जिलों के प्रधान/उप डाकघरों से PREGEN (सामान्य उ.प्र. के अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों, उ.प्र. के बाहर के राज्यों के सभी अभ्यर्थियों द्वारा) रु. 155/- तथा PRERES (उ.प्र. के अनु. जाति, उ.प्र. के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों द्वारा) रु. 95/- का नगद भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाले, उ.प्र.के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित तथा उ.प्र. के भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी आवेदन पत्र अपनी मूल श्रेणी के अनुसार ही क्रय करेंगे परन्तु उ0 प्र0 के समाज के विकलांग अभ्यर्थी PREPH सीरीज का फार्म क्रय करेंगे। अभ्यर्थी ओ.एम.आर. आवेदन पत्र के साथ आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश अवश्य प्राप्त कर लें।

डाकघरो की सूची : **1.** इलाहाबाद (जी.पी.ओ.) **2.** इलाहाबाद (कचहरी) **3.** इलाहाबाद (दारागंज) **4.** इलाहाबाद (कैवेलरी लाइन) **5.** इलाहाबाद (सिटी) **6.** आगरा, **7.** अलीगढ़ **8.** अम्बेदकर नगर (अकबरपुर) **9.** औरैया **10.** आजमगढ़ **11.** बदायूँ **12.** बागपत **13.** बहराइच **14.** बलरामपुर **15.** बलिया **16.** बाँदा **17.** बाराबंकी **18.** बरेली **19.** बस्ती **20.** बिजनौर **21.** बुलन्दशहर **22.** चन्दौली **23.** चित्रकूट (कर्वी) **24.** देवरिया **25.** ऐटा **26.** इटावा **27.** फैजाबाद **28.** फरुखाबाद **29.** फतेहपुर **30.** फिरोजाबाद **31.** गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) **32.** गाजियाबाद **33.** गाजीपुर **34.** गोंडा **35.** गोरखपुर **36.** हमीरपुर **37.** हरदोई **38.** हाथरस **39.** जालौन (उरई) **40.** जौनपुर **41.** झाँसी, 42. अमरोहा (ज्योतिबाफुले नगर) **43.** कन्नौज **44.** कानपुर (जीपीओ) **45.** कानपुर (कैन्ट) **46.** कानपुर (नवाबगंज) **47.** कौशाम्बी **48.** पड़रौना **49.** लखीमपुर खीरी **50.** ललितपुर **51.** लखनऊ (जी.पी.ओ.) **52.** लखनऊ (चौक) **53.** महाराजगंज **54.** महोबा **55.** मैनपुरी **56.** मथुरा **57.** मऊ **58.** मेरठ **59.** मिर्जापुर **60.** मुरादाबाद **61.** मुजफ्फर नगर **62.** पीलीभीत **63.** प्रतापगढ़ **64.** रायबरेली **65.** रामपुर **66.** सहारनपुर **67.** खलीलाबाद (संतकबीर नगर) **68.** भदोहीं (संत रविदास नगर) **69.** शाहजहाँपुर **70.** श्रावस्ती **71.** सिद्धार्थ नगर **72.** सीतापुर **73.** सोनभद्र (राबर्ट्सगंज) **74.** सुल्तानपुर **75.** उन्नाव **76.** वाराणसी **77.** वाराणसी (कैन्ट)।

10. O.M.R. आवेदन पत्र भरने हेतु अनुदेश : (1) अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन का सावधानी पूर्वक अध्ययन करें और तभी आवेदन करें जब वे सन्तुष्ट हों कि वे विज्ञापन की शर्तों के अनुसार अर्ह हैं। **(2)** किसी भी आरक्षित श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थी, यदि वे आरक्षण का लाभ चाहते हैं, तो आवेदन पत्र के संबंधित स्तम्भ में अपनी श्रेणी (एक या एक से अधिक, जो भी हों) अवश्य अंकित करें, ऐसा न करने पर वे सामान्य अभ्यर्थी समझे जायेंगे और उन्हें आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

11. संलग्नक : अभ्यर्थी नवीनतम् पासपोर्ट आकार की स्वप्रमाणित फोटो आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर अच्छी तरह से चिपकायें। उक्त अनुदेश का पालन न करने पर आवेदन-पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

नोट : प्रारम्भिक परीक्षा के ओ.एम.आर. आवेदन पत्र के विभिन्न स्तम्भों में अंकित सूचना के समर्थन में कोई प्रमाण पत्र संलग्न नहीं करना है।

12. ओ.एम.आर. आवेदन पत्र आयोग कार्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि : सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र सचिव (विज्ञापन संख्या-ए-1/ई-1/2012) लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 10 कस्तूरबा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद-211018, को **दिनांक 24 फरवरी, 2012 को 5.00 बजे अपरान्ह तक अथवा उसके पूर्व रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रुप से हाथो-हाथ अवश्य पहुँच जाना चाहिए। डाक विभाग** हमारा एजेन्ट नहीं है। फैक्स द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

13. मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार के सम्बन्ध में कतिपय सूचनाएँ : (1) प्रारम्भिक परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थी ही मुख्य (लिखित) परीक्षा में सम्मिलित किए जायेंगे। **(2)** अभ्यर्थी सावधानीपूर्वक नोट कर लें कि मुख्य परीक्षा में वे उसी अनुक्रमांक पर परीक्षा में बैठेंगे जो उन्हें प्रारम्भिक परीक्षा के लिए आवंटित किया गया है। **(3)** मुख्य परीक्षा हेतु तिथियाँ तथा परीक्षा केन्द्र बाद में आयोग द्वारा निर्धारित किए जायेंगे। **(4)** केवल वही अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आहूत किये जायेंगे जो मुख्य परीक्षा (लिखित परीक्षा) के आधार पर सफल घोषित होंगे। **(5)** अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पूर्व निर्धारित आवेदन पत्रादि भरना होगा। **(6)** विभिन्न पदों के लिए अधिमान्यताएं साक्षात्कार के समय माँगी जायेंगी जो अंतिम होगी और तत्पश्चात उनमें कोई परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा। **(7)** मूल प्रमाण पत्रों की जाँच साक्षात्कार के समय होगी उस समय अभ्यर्थियों को अपने विभागाध्यक्ष अथवा उस संस्था के प्रधान द्वारा, जहाँ उन्होंने अन्तिम शिक्षा पायी हो अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित चार पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ (दो स्वप्रमाणित तथा दो राजपत्रित अधिकारी अथवा अन्तिम शैक्षिक संस्था के प्रधान द्वारा प्रमाणित) भी प्रस्तुत करना होगा। **(8)** केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने सेवा नियोजक का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। **(9)** जिन पदों की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत उनकी सेवा नियमावलियों में लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार दोनो का उल्लेख है उन पदों के लिए मुख्य परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार के लिये सफल घोषित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में उपस्थित होना अनिवार्य है।

नोट : अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा (लिखित परीक्षा) के आवेदन पत्रों में किये जाने वाले अपने समस्त दावे की पुष्टि में प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। यदि वे समस्त दावे की पुष्टि में प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं करते हैं तो उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

14. अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश : (1) उ.प्र. लोक सेवा आयोग के निर्णय के अनुसार किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन-पत्र में गलत तथ्यों को, जिनकी प्रमाण-पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, देने पर आयोग की समस्त परीक्षाओं एवं चयनों में 05 वर्षों की अवधि के लिए प्रतिवारित किया जा सकता है। **(2)** एक लिफाफे में एक से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त होने पर अथवा एक लिफाफे में एक से अधिक विज्ञापनों के आवेदन पत्र होने पर सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगें। **(3)** किसी अभ्यर्थी द्वारा इस परीक्षा हेतु अपने नाम से एक से अधिक आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने पर उसके सभी आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। **(4)** आवेदन-पत्रों को स्वीकार किये जाने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **(5)** आयोग कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त हो जाने के पश्चात अभ्यर्थियों की श्रेणी, उपश्रेणी अथवा वैकल्पिक विषय में परिवर्तन अनुमन्य नहीं हैं। **(6)** आयोग सभी आवेदन-पत्रों की, प्राप्ति स्वीकार करेंगे। आयोग कार्यालय में जमा किये जाने वाले आवेदन-पत्रों की प्राप्ति, प्रस्तुतिकरण के समय काउन्टर पर दी जाती हैं, प्राप्ति की रसीद अभ्यर्थी अवश्य प्राप्त करें। **(7)** अपूर्ण तथा त्रुटिपूर्ण आवेदन-पत्र तथा ऐसे आवेदन-पत्र जिन पर अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर नहीं हैं, अस्वीकृत कर दिये जायेंगे। **(8)** हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। अभ्यर्थी को मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा तथा उक्त प्रमाण-पत्र संलग्न न करने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। **(9)** मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को शैक्षिक योग्यताओं के सम्बन्ध में किये गये दावे की पुष्टि में अंकपत्र, प्रमाण पत्र एवं उपाधि की अभिप्रमाणित प्रति (जो किसी राजपत्रित अधिकारी अथवा अन्तिम शैक्षिक संस्था के प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित हो) संलग्न करना होगा। दावे की पुष्टि में प्रमाण-पत्र/अभिलेख संलग्न न करने पर अथवा प्रमाण पत्र/अंक पत्र अभिप्रमाणित न होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **(10)** निर्धारित प्रारुप से भिन्न प्रारुप में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **(11)** अभ्यर्थी आवेदन पत्र के समस्त स्तम्भों को स्पष्ट रूप से भरें। आवेदन पत्र में दर्शाया गया विवरण अपठनीय, अस्पष्ट और भ्रामक होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **(12)** ओ.एम.आर. आवेदन पत्र क्रय करने के पश्चात इसका मूल्य वापस नहीं किया जायेगा, अभ्यर्थी द्वारा चाहे उसका उपयोग किया जाय अथवा नहीं। **(13)** अभ्यर्थी आवेदन पत्र का कोई स्तम्भ खाली न छोड़े, **(14)** समाज के विकलांग अभ्यर्थियों को उ.प्र. लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 1997 की धारा-2 में उल्लिखित विकलांगता से ग्रस्त होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र यथा संशोधित शासनादेश दिनांक 03 फरवरी 2008 जो निर्धारित प्रारूप पर विकलांगता प्रमाण पत्र देने हेतु सक्षम चिकित्साधिकारी/विशेषज्ञ द्वारा निर्गत एवं मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित हो) प्रस्तुत करने पर शासन द्वारा चिन्हित किए गये पदों पर ही आरक्षण का लाभ अनुमन्य होगा। **(15)** परीक्षा की तिथि, समय तथा केन्द्रों आदि के सम्बन्ध में अनुक्रमांक सहित प्रवेश-पत्रों के माध्यम से सूचना दी जायेगीं अभ्यर्थियों को आवंटित केन्द्र पर ही परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन अनुमन्य नही हैं। **(16)** जो अभ्यर्थी कालान्तर में अर्ह नहीं पाये जायेंगे उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और मुख्य परीक्षा में प्रवेश हेतु उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन के सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा। **(17)** आवेदन-पत्र में जन्म तिथि का उल्लेख न करने पर तथा त्रूटिपूर्ण जन्मतिथि अंकित करने पर, अधिवयस्क या अल्पवयस्क होने पर, आवेदन पत्र में वैकल्पिक विषय का उल्लेख न करने पर, न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित न करने पर, आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होने पर, आवेदन पत्र के घोषणा पत्र के नीचे हस्ताक्षर न करने पर, आवेदन पत्र/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। **(18)** आयोग, आवेदन पत्र की सरसरी जाँच पर अभ्यर्थियों को औपबन्धिक प्रवेश दे सकते हैं, किन्तु बाद में किसी भी स्तर पर यह पाये जाने पर कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था, अथवा आवेदन पत्र प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार करने योग्य नहीं था उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और यदि संस्तुत भी कर दिया गया हो तो आयोग की संस्तुति वापस ले ली जायेगी। **(19)** कदाशय अर्थात परीक्षा भवन में नकल करने , अनुशासनहीनता, दुर्व्यवहार तथा अन्य आवंछनीय कार्य करने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। इस निर्देश की अवहेलना करने पर अभ्यर्थी को इस परीक्षा तथा भविष्य में होने वाली परीक्षाओं से प्रतिवारित किया जा सकता है। **(20)** अभ्यर्थी के पते में कोई परिवर्तन होने पर अभ्यर्थी तत्परता से आयोग को पंजीकृत डाक से सूचित करें। **(21)** आयोग से सभी पत्राचार में परीक्षा का नाम, विज्ञापन संख्या, अभ्यर्थी की जन्मतिथि, पिता/पति का नाम तथा अनुक्रमांक (यदि दिया गया हो) तथा ओ.एम.आर. फार्म नं. का उल्लेख अवश्य होना चाहिए। **(22)** नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियमों में अपेक्षित स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा। **(23)** इस परीक्षा के आधार पर मुख्य परीक्षा में प्रवेश हेतु रिक्तियों का लगभग 18 गुना तक अभ्यर्थी सफल घोषित किये जायेंगे तथा मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर साक्षात्कार हेतु लगभग 3 गुना तक अभ्यर्थी बुलाये जायेंगे। साक्षात्कार में उपस्थित होना अनिवार्य है। **(24)** प्रारम्भिक परीक्षा के प्राप्तांक अभ्यर्थियों को उपलब्ध नहीं कराये जायेंगे। **(25)** स्केलिंग पद्धति लागू रहेगी। **(26)** ऐसे अभ्यर्थी जो स्नातक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे इस परीक्षा में आवेदन न करें, क्योंकि वे पात्र नहीं हैं।**(27)** अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को भरने में ''केवल काले बाल प्वाइन्ट पेन का प्रयोग करें''। पेंसिल या किसी अन्य पेन का प्रयोग कदापि न करें। **(28)** उत्तर पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा सही-सही सूचनाएं काले बाल प्वाइन्ट पेन से भरी जायें। ''उत्तर पत्रांक में भरी गयी सूचना को व्हाइटनर, ब्लेड अथवा रबर आदि से मिटाया नहीं जाये।''

15. शारीरिक मापदण्ड : शारीरिक मापदण्ड वाले पद जैसे पुलिस उपाधीक्षक, अधीक्षक कारगार आदि उपलब्ध होने की दशा में सम्बन्धित सेवा नियमावली/अधियाचन के अनुसार उन पर शारीरिक मापदण्ड लागू रहेगा।

परिशिष्ट - 1

जिन नगरों में प्रारम्भिक परीक्षा आयोजित की जायेगी वे निम्न प्रकार है :
आगरा, इलाहाबाद, आजमगढ़, बरेली, गोरखपुर, बस्ती, इटावा, फैजाबाद, गाजियाबाद, जौनपुर, झाँसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मीरजापुर, मुरादाबाद, रायबरेली, सहारनपुर, सीतापुर, शाहजहाँपुर, वाराणसी।

परिशिष्ट - 2

उ.प्र. की अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के लिए जाति प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.................................सुपुत्र/सुपुत्री श्री...............................निवासी ग्राम..................
तहसील..........................नगर........................जिला.......................उत्तर प्रदेश राज्य की..............................जाति के व्यक्ति है जिसे संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 (जैसा कि समय-समय) पर संशोधित हुआ) / संविधान (अनुसूचित जनजाति, उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967 के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रुप में मान्यता दी गई है।

श्री/श्रीमती/कुमारी.................................तथा अथवा उनका परिवार उत्तर प्रदेश के.............................ग्राम...........................तहसील ....नगर............................जिला.....................में सामान्यतया रहता है।

स्थान...........................   हस्ताक्षर...
दिनांक.........................   पूरा नाम..
मुहर............................   पद का नाम....................................

जिलाधिकारी/अतिरिक्त जिलाधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट/परगना मजिस्ट्रेट/तहसीलदार/
अन्य वेतन भोगी मजिस्ट्रेट यदि कोई हो/ जिला समाज कल्याण अधिकारी।

उत्तर प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग के लिए जाति प्रमाण-पत्र

प्ररुप-1

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.................................सुपुत्र/सुपुत्री श्री...............................निवासी ग्राम..................
तहसील..........................नगर.......................जिला.......................उत्तर प्रदेश राज्य की.....................पिछ्ड़ी जाति के व्यक्ति हैं। यह जाति उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (यथासंशोधित) की अनुसूची एक के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त है।

Continued....

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी...............................पूर्वोक्त अधिनियम, 1994 (यथासंशोधित) की अनुसूची-दो (जैसा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा) (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2001 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है एवं जो उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2002 द्वारा संशोधित की गयी है, से आच्छादित नहीं है। इनके माता-पिता की निरंतर तीन वर्ष की अवधि के लिये सकल वार्षिक आय पाँच लाख रूपये या इससे अधिक नहीं है तथा इनके पास धनकर अधिनियम, 1957 में यथा विहित छूट सीमा से अधिक सम्पत्ति भी नहीं है।

श्री/श्रीमती/कुमारी...............................तथा/अथवा उनका परिवार उत्तर प्रदेश के ग्राम.......................तहसील.......................नगर ....जिला..........................में सामान्यतया रहता है।

स्थान.........................   हस्ताक्षर.......................................

दिनांक.........................   पूरा नाम.......................................

मुहर..........................   पद का नाम....................................

जिलाधिकारी/अतिरिक्त जिलाधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट/परगना मजिस्ट्रेट/तहसीलदार।

उ.प्र. के विकलांगों के लिये प्रमाण-पत्र

CERTIFICATE FOR PHYSICALLY HANDICAP OF U.P.

NAME & ADDRESS OF THE INSTITUTE/HOSPITAL

Certificate No...............................   Date ....

DISABILITY CERTIFICATE

Recent Photograph of the candidate showing the disability duly attested by the Chairperson of the Medical Board.

This is certified that Shri/Smt/Kum..

son/wife/daughter of Shri..age......................

sex................identification mark (S)...is suffering from permanent disability of following category:

A. Locomotor or cerebral palsy:

- **(i)** BL-Both legs affected but not arms.
- **(ii)** BA-Both arms affected
  - **(a)** Impaired reach
  - (b) Weakness of grip
- **(iii)** BLA-Both legs and both arms affected
- **(iv)** OL-One leg affected (right or left)
  - (a) Impaired reach
  - (b) Weakness of grip
  - (c) Ataxic
- **(v)** OA-One arm affected
  - (a) Impaired reach
  - (b) Weakness of grip
  - (c) Ataxic
- **(vi)** BH-Stiff back and hips (Cannot sit or stoop)
- **(vii)** MW-Musculer weakness and limited physical endurance.

B. Blindness or Low Vision:

- (i) B-Blind
- (ii) PB-Partialy Blind

C. Hearing impairment:

- (i) D-Deaf
- (ii) PD-Partialy Deaf

(Delete the category whichever is not applicable)

2. This condition is progressive/non-progressive/likely to improve/not likely to improve. Re-assessn of this case is not recommended/is recommended after a period of.........year.........months.

3. Percentage of disability in his/her case is.................percent.

4. Sh./Smt./Kum. ....meets the following physical requirements discharge of his/her duties:

(i) F-can perform work by manipulating with fingers.	Yes/No
(ii) PP-can perform work by pulling and pushing.	Yes/No
(iii) L-can perform work by lifting.	Yes/No
(iv) KC-can perform work by kneeling and crouching.	Yes/No
(v) B-can perform work by bending.	Yes/No
(vi) S-can perform work by sitting.	Yes/No
(vii) ST-can perform work by standing.	Yes/No
(viii) W-can perform work by walking	Yes/No
(ix) SE-can perform work by seeing.	Yes/No
(x) H-can perform work by hearing/speaking.	Yes/No
(xi) RW-can perform work by reading and writing.	Yes/No

(Dr. ....)	(Dr. ....)	(Dr. ....)
Member	Member	Chairperson
Medical Board	Medical Board	Medical Board

Countersigned by the
Medical Superintendent/CMO/HQ
Hospital (with seal)

*Strike out which is not applicable.

उ.प्र. के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिए प्रमाण-पत्र

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी..................................निवासी...............................ग्राम........................ तहसील..........................नगर.......................जिला......................उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षण) अधिनियम 1993 के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं और श्री/श्रीमती/कुमारी (आश्रित) ....पुत्र/पुत्री/पौत्र/पौत्री उपरांकित अधिनियम 1993 के ही प्रावधानों के अनुसार उक्त श्री/श्रीमती (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी)................के आश्रित हैं।

हस्ताक्षर...................................

स्थान..........................   पूरा नाम......................................

दिनांक.........................   मुहर..

जिलाधिकारी...............................

सील...

कुशल खिलाड़ियों के लिये प्रमाण-पत्र जो उ.प्र. के मूल निवासी हैं

शासनादेश संख्या-22/21/1983-कार्मिक-2 दिनांक 28 नवम्बर, 1985

प्रमाण-पत्र के फार्म - 1 से 4 प्ररुप - 1

(मान्यता प्राप्त क्रीडा/खेल में अपने देश की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी के लिये)

सम्बन्धित खेल की राष्ट्रीय फेडरेशन/राष्ट्रीय एसोसिएशन का नाम................................ राज्य सरकार की सेवाओं/पदों पर नियुक्ति के लिए कुशल खिलाड़ियों के लिए **प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी........................आत्मज/पत्नी/आत्मजा श्री...............................निवासी................... पूरा पता.......................... ने दिनांक ....से दिनांक ....तक.....................(स्थान का नाम) में आयोजित ....(क्रीड़ा/खेल-कूद का नाम) की प्रतियोगिता/टूर्नामिन्ट में देश की ओर से भाग लिया।

उनके टीम के द्वारा उक्त प्रतियोगिता/टूर्नामिन्ट में ....स्थान प्राप्त किया गया।

यह प्रमाण-पत्र राष्ट्रीय फेडरेशन/राष्ट्रीय एसोसिएशन/(यहाँ संस्था का नाम दिया जाये)....................... में उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर दिया गया है।

स्थान..........................   हस्ताक्षर...........................

दिनांक.........................   नाम................................

पद.................................

सस्था का नाम......................

मुहर................................

नोट : यह प्रमाण-पत्र नेशनल फेडरेशन/नेशनल एसोसिएशन के सचिव द्वारा व्यक्तिगत रूप से किये गये हस्ताक्षर होने पर ही मान्य होगा।

प्ररुप - 2

(मान्यता प्राप्त क्रीडा/खेल में अपने प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी के लिये)

सम्बन्धित खेल की प्रदेशीय एसोसिएशन का नाम)................................ राज्य सरकार की सेवाओं/पदों पर नियुक्ति के लिए कुशल खिलाड़ियों के लिये **प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.................................आत्मज/पत्नी/आत्मजा श्री.................................निवासी (पूरा पता) ....ने दिनांक ....से दिनांक ....तक.................... में (क्रीड़ा/खेल-कूद का नाम) की प्रतियोगिता (टूर्नामिन्ट स्थान का नाम ....आयोजित राष्ट्रीय .... में (क्रीड़ा/खेल-कूद का नाम) की प्रतियोगिता/टूर्नामिन्ट में देश की ओर से भाग लिया।

उनके टीम के द्वारा उक्त प्रतियोगिता/टूर्नामिन्ट में............................ स्थान प्राप्त किया गया।

यह प्रमाण-पत्र ....(प्रदेशीय संघ का नाम) में उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर दिया गया है।

स्थान..........................   हस्ताक्षर...........................

दिनांक.........................   नाम................................

पद.................................

सस्था का नाम......................

पता................................

मुहर................................

नोट : यह प्रमाण-पत्र प्रदेशीय खेल-कूद संघ के सचिव द्वारा व्यक्तिगत रूप से किये गये हस्ताक्षर होने पर ही मान्य होगा।

प्ररुप - 3

(मान्यता प्राप्त क्रीडा/खेल में अपने विश्वविद्यालय की ओर से अर्न्तविश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी के लिये)

विश्वविद्यालय का नाम..........................राज्य स्तर की सेवाओं/पदों पर नियुक्त के लिये कुशल खिलाड़ियों के लिए **प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.............................. आत्मज/पत्नी/आत्मजा श्री............................... निवासी (पूरा पता) ....विश्वविद्यालय की कक्षा...................... के विद्यार्थी ने दिनांक .... से दिनांक...................... तक ....(स्थान का नाम) में आयोजित अर्न्तविश्वविद्यालय ....(क्रीड़ा/खेल-कूद का नाम) प्रतियोगिता/टूर्नामेन्ट में .... विश्वविद्यालय की ओर से भाग लिया। उनके टीम के द्वारा उक्त प्रतियोगिता / टूर्नामेन्ट में .... स्थान प्राप्त किया गया। यह प्रमाण-पत्र डीन आफ स्पोर्टस् अथवा इंचार्ज खेल कूद............विश्वविद्यालय में उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर दिया गया है।

स्थान..........................   हस्ताक्षर...........................

दिनांक.........................   नाम................................

पद.................................

सस्था का नाम......................

मुहर................................

नोट : यह प्रमाण-पत्र विश्वविद्यालय के डीन आफ स्पोर्ट्स या इंचार्ज खेल-कूद द्वारा व्यक्तिगत रूप से किये गये हस्ताक्षर होने पर ही मान्य होगा।

प्ररुप - 4

(मान्यता प्राप्त क्रीडा/खेल में अपने स्कूल की ओर से राष्ट्रीय खेल-कूद में भाग लेने वाले खिलाड़ी के लिये)

डाइरेक्ट्रेट आफ पब्लिक इन्सट्रक्शन्स/निदेशक, शिक्षा, उत्तर प्रदेश........................राज्य स्तर की सेवाओं/पदों पर नियुक्ति के लिये कुशल खिलाड़ियों के लिये **प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.............................. आत्मज/पत्नी/आत्मजा श्री............................... निवासी (पूरा पता) ....में ....स्कूल में कक्षा...................... के विद्यार्थी ने दिनांक .... से दिनांक...................... तक ....(स्थान का नाम) में आयोजित स्कूलों के नेशनल गेम्स की ....(क्रीड़ा/खेल -कूद का नाम) प्रतियोगिता/टूर्नामेन्ट में..................स्कूल की ओर से भाग लिया। उनके टीम के द्वारा उक्त प्रतियोगिता/टूर्नामेन्ट में.....................स्थान प्राप्त किया गया।

यह प्रमाण-पत्र डायरेक्ट्रेट आफ पब्लिक इन्सट्रक्शन्स/शिक्षा में उपलब्ध रिकार्ड के आधार पर दिया गया है।

स्थान..........................   हस्ताक्षर...........................

दिनांक.........................   नाम................................

पद.................................

सस्था का नाम......................

मुहर................................

नोट : यह प्रमाण-पत्र निदेशक / या अतिरिक्त/संयुक्त या उपनिदेशक डाइरेक्ट्रेट ऑफ पब्लिक इन्स्ट्रक्शन्स/शिक्षा .... द्वारा व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षर होने पर मान्य होगा।

परिशिष्ट - 3

परीक्षा की योजना : प्रतियोगिता परीक्षा में क्रमवार तीन स्तर सम्मिलित हैं यथा : **(1)** प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ व बहुविकल्पी प्रकार की), **(2)** मुख्य परीक्षा (परम्परागत प्रकार की अर्थात लिखित परीक्षा) **(3)** मौखिक परीक्षा (व्यक्तित्व परीक्षा)

प्रारम्भिक परीक्षा

प्रारम्भिक परीक्षा दो अनिवार्य प्रश्नपत्रों की होगी। जिनके उत्तर पत्रक ओ.एम.आर. सीट के रूप में होंगे। पाठ्यक्रम इस विज्ञापन के परिशिष्ट - 4 में उल्लिखित है। प्रत्येक प्रश्न-पत्र 200 अंकों के तथा दो -दो घण्टे अवधि के होंगे। दोनों प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ व बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे जिनमें 150-150 प्रश्न होंगे। प्रथम प्रश्न पत्र पूर्वाहन 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्नपत्र अपराह्न 2:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक।

2. मुख्य (लिखित) परीक्षा के लिए निर्धारित विषय : मुख्य परीक्षा में निम्नलिखित अनिवार्य तथा वैकल्पिक विषय होंगे जिनका पाठ्यक्रम इस विज्ञापन के परिशिष्ट-5 में उल्लिखित हैं। अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु वैकल्पिक विषयों की सूची में से कोई दो विषय चुनने होंगे। प्रत्येक वैकल्पिक विषय में दो प्रश्न-पत्र होंगे।

(अ) अनिवार्य विषय

1. सामान्य हिन्दी	**150 अंक**
2. निबन्ध	**150 अंक**
3. सामान्य अध्ययन, प्रथम प्रश्न-पत्र	**200 अंक**
4. सामान्य अध्ययन, द्वितीय प्रश्न-पत्र	**200 अंक**

सामान्य अध्ययन-प्रथम प्रश्न पत्र तथा सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा, जिसमें 150 प्रश्न होंगे। इन प्रश्न-पत्रों के हल करने की अवधि 2 घन्टे होगी। इसके अतिरिक्त शेष समस्त अनिवार्य तथा वैकल्पिक विषयों के प्रश्न-पत्रों हेतु 3 घन्टे का समय निर्धारित हैं। वैकल्पिक विषयों का प्रत्येक प्रश्न पत्र 200 अंको का होगा।

नोट : (1) दो घण्टे वाले प्रश्नपत्रों का परीक्षा समय पूर्वान्ह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक तथा अपरान्ह 2.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक। (2) 3 घण्टे वाले प्रश्नपत्र का परीक्षा समय पूर्वान्ह 9.30 बजे से 12.30 बजे तक तथा अपरान्ह 2 बजे से सायं 5 बजे तक। अभ्यर्थी से सामान्य हिन्दी के अनिवार्य प्रश्न-पत्र में न्यूनतम अंक प्राप्त करने की अपेक्षा की जायेगी जो यथा स्थिति, शासन या आयोग द्वारा अवधारित किये जायें। वैकल्पिक विषयों के सभी प्रश्न-पत्रों में 2 खण्ड होंगे। प्रत्येक खण्ड में चार-चार प्रश्न होंगे। अभ्यर्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे। प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो-दो प्रश्न हल करना आवश्यक है।

(ब) वैकल्पिक विषय

विषय	विषय	विषय	विषय	विषय
कृषि	समाजशास्त्र	पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान	नृ विज्ञान	हिन्दी साहित्य
प्राणि विज्ञान	दर्शनशास्त्र	सांख्यिकी	सिविल अभियान्त्रिकी	फारसी साहित्य
रसायन विज्ञान	भू-विज्ञान	रक्षा अध्ययन	यान्त्रिक अभियान्त्रिकी	संस्कृत साहित्य
भौतिक विज्ञान	मनोविज्ञान	प्रबन्ध	विद्युत अभियान्त्रिकी	वाणिज्य एवं लेखांकन
गणित	वनस्पति विज्ञान	राजनीति विज्ञान एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध	अंग्रेजी साहित्य	लोक प्रशासन
भूगोल	विधि	इतिहास	उर्दू साहित्य	कृषि अभियान्त्रिकी
अर्थशास्त्र		समाज कार्य	अरबी साहित्य	

नोट : अभ्यर्थी निम्नलिखित विषय समूहों में से केवल एक ही विषय ले सकेंगे :

समूह-ए
1. समाज कार्य
2. नृ विज्ञान
3. समाजशास्त्र

समूह-बी
1. गणित
2. सांख्यिकी

समूह-सी
1. कृषि
2. पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान

समूह-डी
1. सिविल अभियान्त्रिकी
2. यान्त्रिकी अभियान्त्रिकी
3. विद्युत अभियान्त्रिकी
4. कृषि अभियान्त्रिकी

समूह-ई
1. अंग्रेजी साहित्य
2. हिन्दी साहित्य
3. उर्दू साहित्य
4. अरबी साहित्य
5. फारसी साहित्य
6. संस्कृत साहित्य

समूह-एफ
1. राजनीति विज्ञान एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध
2. लोक प्रशासन

समूह - जी
1. प्रबन्ध
2. लोक प्रशासन

3. व्यक्तित्व परीक्षा/मौखिक परीक्षा (कुल अंक 200) : यह परीक्षा अभ्यर्थियों की समान्य जागरूकता, बुद्धि, चरित्र, अभिव्यक्ति की क्षमता, व्यक्तित्व एवं सेवा के लिए सामान्य उपयुक्तता को दृष्टि में रखते हुये सामान्य अभिरूचि के विषयों से सम्बन्धित होगी।

परिशिष्ट - 4

प्रारम्भिक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम

प्रश्नपत्र-1 (200 अंक) अवधि-दो घण्टे

- राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की सामयिक घटनाएं
- भारत का इतिहास एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन
- भारत एवं विश्व का भूगोल -भारत एवं विश्व का भौतिक, समाजिक एवं आर्थिक भूगोल
- भारतीय राजनीति एवं शासन-संविधान, राजनीतिक व्यवस्था पंचायती राज, लोकनीति, अधिकारिक मुद्दे (राइट्स इश्यूज) आदि
- आर्थिक एवं समाजिक विकास-सतत विकास, गरीबी, अन्तर्विष्ट जनसांख्यिकीय, सामाजिक क्षेत्र के इनिशियेटिव आदि
- पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी संबंधी समान्य विषय, जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तन इस विषय में विषय विशेषज्ञता की आवश्कता नहीं है
- सामान्य विज्ञान

प्रश्नपत्र-2 (200 अंक) अवधि-दो घण्टे

- काम्प्रिहेन्सन (विस्तारीकरण)
- अन्तर्वैयक्तिक क्षमता जिसमें सम्प्रेषण कौशल भी समाहित होगा।
- तार्किक एवं विश्लेषणात्मक योग्यता।
- निर्णय क्षमता एवं समस्या समाधान।
- सामान्य बौद्धिक योग्यता।
- प्रारम्भिक गणित हाईस्कूल स्तर तक-अंकगणित, बीजगणित रेखागणित व सांख्यिकी।
- सामान्य अंग्रेजी हाईस्कूल स्तर तक।
- समान्य हिन्दी हाईस्कूल स्तर तक।
- **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की सामयिक घटानाएंः** राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनाओं पर अभ्यर्थियों को जानकारी रखनी होगी।

Continued....

- **भारत का इतिहास एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलनः** इतिहास के अन्तर्गत भारतीय इतिहास के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पक्षों की व्यापक जानकारी पर विशेष ध्यान देना होगा। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन पर अभ्यर्थियों से स्वतंत्रता आन्दोलन की प्रकृति तथा विशेषता राष्ट्रवाद का अभ्युदय तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के बारे में समान्य जानकारी अपेक्षित है।
- **भारत एवं विश्व का भूगोल :** भारत एवं विश्व का भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोलः विश्व भूगोल में विषय की केवल सामान्य जानकारी की परख होगी। भारत का भूगोल के अन्तर्गत देश के भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल से संबंधित प्रश्न होंगे।
- **भारतीय राजनीति एवं शासन-संविधान, राजनीतिक व्यवस्था, पंचायती राज, लोकनीति, आधिकारिक प्रकरण आदिः** भारतीय राज्य व्यवस्था, अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति के अन्तर्गत देश के पंचायती राज तथा सामुदायिक विकास सहित राजनीतिक प्रणाली के ज्ञान तथा भारत की आर्थिक नीति के व्यापक लक्षणों एवं भारतीय संस्कृति की जानकारी पर प्रश्न होंगे।
- **आर्थिक एवं सामाजिक विकास- सतत विकास, गरीबी अन्तर्विष्ट जनसांख्यिकीय, सामाजिक क्षेत्र के इनिशियेटिव आदिः** अभ्यर्थियों की जानकारी का परीक्षण जनसंख्या, पर्यावरण तथा नगरीकरण की समस्याओं तथा उनके संबंधों के परिप्रेक्ष्य में किया जायेगा।
- **पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी संबंधी समान्य विषय जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तनः** इस विषय में विषय विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं है। अभ्यर्थियों से विषय की सामान्य जानकारी अपेक्षित है।
- **सामान्य विज्ञानः** सामान्य विज्ञान के प्रश्न दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षण से संबंधित विषयों सहित विज्ञान के सामान्य परिबोध एवं जानकारी पर आधारित होंगे, जिसकी किसी भी सुशिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन नहीं किया है।

नोटः अभ्यर्थियों से यह अपेक्षित होगा कि उत्तर प्रदेश के विशेष परिप्रेक्ष्य में उपर्युक्त विषयों का उन्हें सामान्य परिचय हो।

प्रारम्भिक गणित (हाईस्कूल स्तर तक) के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किये जाने वाले विषय

1.अंकगणितः

(1) संख्या पद्धतिः प्राकृतिक, पूर्णांक, परिमेय-अपरिमेय एवं वास्तविक संख्यायें, पूर्णांक संख्याओं के विभाजक एवं अविभाज्य पूर्णांक संख्यायें। पूर्णांक संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक तथा उनमें सम्बन्ध।
(2) औसत
(3) अनुपात एवं समानुपात
(4) प्रतिशत
(5) लाभ- हानि
(6) ब्याज- साधारण एवं चक्रवृद्धि
(7) काम तथा समय
(8) चाल, समय तथा दूरी

2.बीजगणितः

(1) बहुपद के गुणनखण्ड, बहुपदों का लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्त्य एवं उनमें संबंध, शेषफल प्रमेय, सरल युगपत समीकरण, द्विघात समीकरण
(2) समुच्चय सिद्धान्तः समुच्चय, उप समुच्चय, उचित उपसमुच्चय, रिक्त समुच्चय, समुच्चयों के बीच संक्रियायें (संघ, प्रतिच्छेद, अन्तर, सममित अन्तर), बेन-आरेख

3.रेखागणितः

(1) त्रिभुज, आयत, वर्ग समलम्ब चतुर्भुज एवं वृत्त की रचना एवं उनके गुण सबंधी प्रमेय तथा परिमाप एवं उनके क्षेत्रफल,
(2) गोला, समकोणीय वृत्ताकार बेलन, समकोणीय वृत्ताकार शंकु तथा घन के आयतन एवं पृष्ठ क्षेत्रफल।

4. सांख्यिकीः आंकड़ों का संग्रह, आंकड़ों का वर्गीकरण, बारम्बारता, बारम्बारता बंटन, सारणीयन, संचयी बारम्बारता, आंकड़ों का निरूपण, दण्डचार्ट, पाई चार्ट, आयत चित्र, बारम्बाता बहुभुज, संचयी बारम्बारता वक्र, केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप- समान्तर माध्य, माध्यिका एवं बहुलक।

General English Upto Class X Level

1. Comprehension
2. Active Voice and Passive Voice
3. Parts of Speech
4. Transformation of Sentences
5. Direct and Indirect Speech
6. Punctuation and Spellings
7. Words meanings
8. Vocabulory & Usage
9. Idioms and Phrases
10. Fill in the Blanks

सामान्य हिन्दी (हाईस्कूल स्तर तक) के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किये जाने वाले विषय

(1) हिन्दी वर्णमाला, विराम चिन्ह,
(2) शब्द रचना, वाक्य रचना, अर्थ
(3) शब्द-रूप
(4) संधि, समास
(5) क्रियायें
(6) अनेकार्थी शब्द
(7) विलोम शब्द
(8) पर्यायवाची शब्द
(9) मुहावरे एवं लोकोक्तियां
(10) तत्सम एवं तद्भव, देशज, विदेशी (शब्द भंडार)
(11) वर्तनी
(12) अर्थबोध
(13) हिन्दी भाषा के प्रयोग में होने वाली अशुद्धियाँ
(14) उ0प्र0 की मुख्य बोलियाँ

मुख्य परीक्षा हेतु निर्देश तथा पाठयक्रम

1.आयोग प्रवेश पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं देंगे। किसी भी अभ्यर्थी के परीक्षा में प्रवेश हेतु अर्हता/ पात्रता के सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। **2**.अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि उत्तर पुस्तिका में केवल निर्धारित स्थान पर ही अपना अनुक्रमांक लिखें अन्यथा दण्डस्वरूप उनके अंकों में कटौती की जायेगी। अभ्यर्थी उत्तर पुस्तिका में कही भी अपना नाम न लिखें अन्यथा उन्हें परीक्षा के लिये अनर्ह घोषित किया जा सकता है। **3**.यदि अभ्यर्थी की हस्तलिपि अस्पष्ट/अपठनीय है तो उसके प्राप्तांकों के कुल योग में से कटौती की जा सकती है। **4**.अभ्यर्थी प्रश्न- पत्रों के उत्तर अंग्रेजी रोमन लिपि में अथवा हिन्दी देवनागरी लिपि में अथवा उर्दू फारसी लिपि में लिख सकते है परन्तु उन्हें भाषा के प्रश्न-पत्र का उत्तर जब तक की प्रश्न में अन्यथा निर्दिष्ट न हो अनिवार्य रूप से उसी भाषा में लिखना होगा। **5**.प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी लिपि में व हिन्दी देवनागरी लिपि में होगे। **6**.सामान्य अध्ययन एवं वैकल्पिक विषयों के प्रश्न-पत्रों का पाठ्यक्रम अन्यथा उल्लिखित विवरण के अतिरिक्त, किसी विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्रीधारी अभ्यर्थी से अपेक्षित स्तर का होगा।

परिशिष्ट-5

सामान्य अध्ययन-प्रश्न-पत्र - I

1.भारत का इतिहास (प्राचीन,मध्यकालीन एवं अर्वाचीन) **2**.भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन एवं भारतीय संस्कृति **3**.जनसंख्या,पर्यावरण एवं नगरीकरण (भारतीय परिप्रेक्ष्य में) **4**.विश्व का भूगोल, भारत का भूगोल एवं प्राकृतिक संसाधन **5**.राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्वपूर्ण घटनाक्रम **6**.भारतीय कृषि, व्यापार एवं वाणिज्य **7**.उत्तर प्रदेश के विशेष सन्दर्भ में शिक्षा, संस्कृति, कृषि,व्यापार, वाणिज्य एवं रहन-सहन तथा सामाजिक प्रथाओं की विशिष्ट जानकारी भारत के इतिहास और भारतीय संस्कृति में लगभग उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य भाग से लेकर देश का व्यापक इतिहास रहेगा और साथ में गांधी, टैगोर और नेहरू से सम्बन्धित प्रश्न भी सम्मिलित होंगे। राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं में खेल-कूद से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी रहेंगे।

सामान्य अध्ययन-प्रश्न-पत्र - II

1.भारतीय राज्य व्यवस्था **2**.भारतीय अर्थव्यवस्था **3**.सामान्य विज्ञान, भारत के विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिक की भूमिका और प्रभाव एवं दैनिक जीवन में विज्ञान की महत्ता **4**.सामान्य बौद्धिक योग्यता **5**.सांख्यिकी विश्लेषण,लेखाचित्र (ग्राफ) तथा आरेख (डायग्राम)
भारतीय राज्य व्यवस्था से सम्बन्धित खण्ड में भारत की राजनीतिक व्यवस्था से सम्बन्धित प्रश्न होंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था में देश की आर्थिक नीति के सामान्य लक्षणों का समावेश होगा।भारत के विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका और उसके प्रभाव से सम्बन्धित खण्ड में ऐसे प्रश्न पूछे जायेंगे जो अभ्यर्थी की इस क्षेत्र में जानकारी की परीक्षा करें। इसमें प्रायोगिक पक्ष पर बल दिया जायेगा। सांख्यिकीय विश्लेषणों में आरेख व चित्र रूप में प्रस्तुति तथा सामग्री के आधार पर सहज बुद्धि का प्रयोग करते हुये कुछ निष्कर्ष निकालने और उसमें पायी गयी कमियां,सीमाओं और विसंगतियों का निरूपण करने की क्षमता की परीक्षा होगी।

निबन्ध

निबन्ध हिन्दी, अग्रेजी अथवा उर्दू में लिखे जा सकते हैं।

निबन्ध के प्रश्न-पत्र में 3 खण्ड होंगे। प्रत्येक खण्ड से एक-एक विषय पर 700 (सात सौ) शब्दों में निबन्ध लिखना होगा। प्रत्येक खण्ड 50.-50 अंकों का होगा। तीनों खण्डों में निम्नलिखित विषयों पर आधारित निबन्ध के प्रश्न होंगे।

खण्ड (क)	**खण्ड (ख)**	**खण्ड (ग)**
1.साहित्य और संस्कृति	1. विज्ञान पर्यावरण और प्रौद्योगिकी	1. राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम
2.सामाजिक क्षेत्र	2.आर्थिक क्षेत्र	2.प्राकृतिक आपदाएं भू-स्खलन भूकम्प, बाढ़, सूखा, आदिं।
3. राजनैतिक क्षेत्र	3.कृषि उद्योग एवं व्यापार	3. राष्ट्रीय विकास योजनाएं एवं परियोजनाएं

सामान्य हिन्दी

(1) दिये हुए गद्य खण्ड, का अवबेध एवं प्रश्नोत्तर। **(2)** संक्षेपण। **(3)** सरकारी एवं अर्धसरकारी पत्र लेखन, तार लेखन, कार्यालय आदेश, अधिसूचना, परिपत्र **(4)** शब्द ज्ञान एवं प्रयोग **(अ)** उपसर्ग एवं प्रत्यय प्रयोग, **(ब)** विलोम शब्द, **(स)** वाक्यांश के लिए एक शब्द **(द)** वर्तनी एवं वाक्य शुद्धि **(5)** लोकोक्ति एवं मुहावरे।

1. कृषि प्रश्न -पत्र -1

खण्ड (अ): पारिस्थितिकीय विज्ञान और मानव के लिए उसकी प्रासंगिकता, प्राकृतिक संसाधन उसका प्रबन्ध तथा संरक्षण। फसलों के उत्पादन तथा विवरण में वातावरणीय कारक। फसलों की वृद्धि पर जलवायु तत्वों का प्रभाव तथा शस्यक्रम पर बदलते वातावरण का प्रभाव। प्रदूषित वातावरण तथा उससे सम्बन्धित मानव,पशु तथा फसल को खतरे।

प्रदेश के विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्र में शस्यक्रम प्रणाली अधिक उत्पादन तथा अल्पकालीन किस्मों का शस्यक्रम प्रणाली पर प्रभाव। बहुशस्यन, बहुमंजिली रिले तथा अंतराशस्य का सिद्धान्त एवं टिकाऊ खाद्य उत्पादन के सम्बन्ध में महत्व। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में खरीफ तथा रबी मौसमों में उत्पादित मुख्य अनाज, दलहन,तिलहन, रेशा, शर्करा तथा नगदी फसलो के उत्पादन हेतु संक्षेपष्टन रीतियां।

वानिकी का महत्व विशेषताएं तथा विभिन्न प्रकार के वानिकी पौधों का प्रवर्धन विशेष रुप से सामाजिक वानिकी तथा कृषि वानिकी के सन्दर्भ में। खरपतवार उनकी विशेषतायें तथा विभिन्न फसलों के साथ उनका सहयोग व गुणन। खरपतवार का संवर्धन, जैविक तथा रासायनिक नियंन्त्रण। मृदा निर्माण की विधियां तथा कारक, भारतीय मृदाओं का वर्गीकरण, आधुनिक संकल्पनाओं सहित। मृदाओं के खनिज लवण तथा कार्बनिक प्रमाण तथा मृदा उत्पादकता बनाये रखने में उनकी भूमिका। समस्यात्मक मृदाएं भारत मे उनका विस्तार एवं सुधार। मृदा तथा पौधों में आवश्यक पादप तत्वों व अन्य लाभकर तत्वों का उद्धार तथा उनके विवरण के प्रभाावकारी कारक, उनकी क्रियाएं तथा मृदा उर्वरकता के सिद्धान्त तथा उचित उर्वरक प्रयोग का मूल्यांकन। जल विभाजन के आधार पर मृदा संरक्षण नियोजन। पहाड़ी , पद पहाड़ी तथा घाटियों में अपरदन व अपवाह का प्रबन्ध। इनको प्रभावित करने वाली क्रियाएं तथा कारक। वरानी कृषि तथा उससे सम्बन्धित समंस्याएं। वर्षा पर आधारित कृषि क्षेत्रों में कृषि उत्पादन में स्थिरता लाने की तकनीक।

खण्ड -(ब) शस्य उत्पादन से सम्बन्धित जल उपयोग क्षमता, सिंचाई क्रम के आधारभूत मानक सिंचाई जल के बाद अपवाह को काम करने की विधियां, जलाक्रांत भूमिसे जल निकास। कृषि क्षेत्र प्रबन्धन का नियोजन व लेखा में महत्व व लक्षण तथा उसका क्षेत्र कृषि निवेष्टों तथा उपजों का विपणन और मूल्यों का उतार चढ़ाव तथा उनकी लागत व्यय। सहकारिता का कृषि अर्थव्यवस्था में महत्व, विभिन्न प्रकार की कृषि प्रणालियां तथा उनकी किस्मों तथा उनको प्रभावित करने वाले कारक। कृषि विस्तार महत्व तथा भूमिका, कृषि विस्तार प्रोग्रामों का मूल्यांकन, विसरण, संचार व नई तकनीकों का अनुसरण। कृषि यंत्रीकरण तथा कृषि उत्पादन व ग्रामीण रोजगार में उनकी भूमिका। प्रसार कार्यकर्ताओं व किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम। प्रसार विधियां तथा कार्यक्रम प्रशिक्षण एवं भ्रमण, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि ज्ञान केन्द्र एन.ए.टी.पी.व आई.वी.एल.पी.।

प्रश्न पत्र - II

खण्ड (अ) : आनुवांशिकता और विभिन्नता, मेंडल का अनुवांशिकता नियम, क्रोमोसोम आनवांशिकता सिद्धान्त, कोशिकाद्रव्यी वंशागति। लिंग सहलग्न, लिंग प्रभावित तथा लिंग सीमित गुण, स्वागत और प्रेरित उत्परिवर्तन। उत्परिवर्तन में रसायनों का महत्व फसलों का उद्गम तथा घरेलूकरण, खेतों में उगायी जाने वाली प्रमुख पादप जातियों से संबंधित जातियों की आकारिकी तथा विभिन्नता के स्वरुप। फसल के सुधार के कारक और इनमें विभिन्नता का उपयोग।

प्रमुख फसलों के सुधार में पादप-प्रजनन सिद्धान्तों का उपयोग जनपरागण और परपरागण वाली फसलों की जनन विधियां। पुनः स्वापनचयन तथा संकर ओज तथा स्थीय असयोजकता जनन में उत्परिवर्तन तथा बहुगुणितता का उपयोग बीज प्रौद्योगिकी तथा उसका महत्व, बीजों का उत्पादन, संसाधन तथा परीक्षण।राष्ट्रीय व राज्य की बीज निगमों की बीज उत्पादन में भूमिका। उन्नत किस्मों के बीजों का संसाधन व विपणन।

शरीर क्रिया विज्ञान का कृषि विज्ञान में महत्व। प्रोटोप्लाज्म के रसायनिक व भौतिक गुण, शोषण पृष्ठतल तनाव विसरण और परासरण।जल का अवशोषण तथा स्थानान्तरण, वाष्पोत्सर्जन और जल की मितव्ययिता।

खण्ड (ब) : प्रक्रिण्व (इन्जाईम) और पादप रंजक, प्रकाश संश्लेषण की आधुनिक संकल्पनाएं तथा इन क्रियाओं को प्रभावित करने वाले कारक, वायवीय व अवायवीय श्वसन। वृद्धि व विकास, दीप कालिता और बसन्तीकरण। पादप नियामकों की कार्यविधि तथा कृषि उत्पादन में महत्व। प्रमुख फल व सब्जियों के अपेक्षित जलवायु तथा इनकी खेती की संझेष्टन प्रथा, समूह और इसका वैज्ञानिक आधार। फल व सब्जी के तोड़ने के पहले व बाद की संभाल व संसाधन, सब्जी व फलों के परिरक्षण की विधियां, परिरक्षण तकनीकी तथा उपकरण। भूदृष्य व पुष्पीय पौधों, इसके साथ शोभाकारी पौधों की खेती, अलंकृत पौधों के प्रवर्धन तथा उद्यान की अभिकल्पना और रचना प्रदेश के फल, सब्जी व पौधों की बीमारियां और कीट इनके नियंत्रण करने की विधियां, एकीकृत कीट व रोग प्रबन्धन के सिद्धान्त, कीटनाशी दवाओं की संरचना, फसल सुरक्षा के यंत्र तथा उनकी देख-रेख।

अनाज और दलहन के भण्डार में नाशक कीट भंडार गोदामों की स्वच्छता तथा उनके सम्बन्ध में सावधानी और अनुरक्षण।

भारत में खाद्य उत्पादन और उपयोग की प्रवृत्तियां।राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य नीतियां। समर्थन मूल्य पर अनाजों की खरीददारी, वितरण संरक्षण व उत्पादन की समस्याएं।

2.प्राणिविज्ञान प्रश्न पत्र-1

अकार्डेटा, कार्डेटा, पारिस्थितकी, जीव पारिस्थितकीय जैव सांख्यिकी और आर्थिक प्राणि विज्ञान

खण्ड-अ : (अकार्डेटा और कार्डेटा)

1.विभिन्न फाइलमों का सामान्य सर्वेक्षण, वर्गीकरण और परस्पर सम्बन्ध, **2. प्रोटोजोआः** चलन, पोषण, जनन और मानव परजीवी प्रोटोजोआ **3. पारीफेराः** नाल तंत्र कंकाल और जनन, वर्गीकरण स्थान, **4.नाइडेरियाः** बहुरूपता, प्रवाल, भित्तियां, मेटाजेनेसिस, **5. हेलमिन्थीजः** परजीवी अनुकूलन तथा परपोषी-परजीवी सम्बन्ध, **6. एनेनेलिडाः** पॉलीकीटा में अनुकूली विकिरण, **7.आर्थोपोडाः** क्रस्टेशिया में लार्वा प्रारुप और परजीविता, झोंगा के उपांग, आर्थोपोडा में दृष्टि और श्वसन, कीटों में सामाजिक जीवन और कायांन्तरण, **8.मोलस्काः** श्वसन नियोपाइलिना, मुक्ता निर्माण, **9.इकाइनोडर्मेटाः** सामान्य संगठन, लार्वा प्रारुप और बंधुता, **10**.कार्डेटों की उत्पत्ति, फुफ्फुस मीन और चतुष्पादों की उत्पत्ति, **11.ऐम्फीबिया,** चिरडिम्भता और शावकीजनन, पैतृक लक्षण, **12.रेप्टीलियाः** करोटि प्रारुप (एनाप्सिड, डाइऐप्सिड, पैराप्सिड और सिनेप्सिड) डाइनोसॉर, **13.ऐवीजः** उत्पत्ति पक्षियों में एरियल अनुकूलन और श्वसन, उड्डयन विहीन-पक्षी, **14.मैमेलियाः** प्रोटोथीरिया और मेटाथिरिया, यूथीरिया के चर्म व्युत्पन्न।

खण्ड-ब : पारिस्थितकीय, जीव पारिस्थितिकीय, जैव सांख्यिकी और आर्थिक प्राणि विज्ञान, **1. पारिस्थितकीय :** जैव तथा अजैव कारक, आतंर और अतंरजातीय सम्बंध, पारिस्थितिकी अनुक्रम, जीवोम के विभिन्न प्रकार, जीव भू रसायन चक्र, खाद्य जाल, ओजोन पर्त और जीव मंडल, वायु जल और थल का प्रदूषण। **2.जीव पारिस्थितिकी :** प्राणि व्यवहार के प्रकार, व्यवहार में फीरोमोनों और हार्मोनों की भूमिका प्राणि व्यवहार के अध्ययन की विधियां, जैवलय। **3. जैव सांख्यिकी :** प्रतिचयन विधियां, बारंबारता-बंटन और केन्द्रीय प्रवृत्तिके माप, मानक विचलन और मानक त्रुटि, सहसम्बन्ध और समाश्रयण, काई स्क्वापर और टी -टेस्ट। **4.** आर्थिक प्राणि विज्ञान :फसलों (धान, चना और गन्ना) और संग्रहीत अनाजों के कीड पीडक, मौन पालन, रेशमकीट पालन, लाख कीट पालन, मत्स्य पालन और सीप पालन।

प्राणि विज्ञान-प्रश्नपत्र - 2

कोशिका जैविकी, आनुवंशिकी,विकास और वर्गीकरण/विज्ञान, जैवरसायन, शरीर क्रिया विज्ञान और परिवर्धन जैविकी

खण्ड-अ : कोशिका जैविकी, आनुवंशिकी, विकास और वर्गीकरण विज्ञान, **1. कोशिका जैविकी :** कोशिका कला-सक्रिय गमन और सोडियम-पोटैशियम एटीपेज पम्प, माईटोकॉन्ड्रिया, गाल्जीकाय, अन्तर्द्रव्यी,जालिका, राइबोसोम और लाइसोसोम, कोशिका विभाजन- समसूत्री तर्क और गुणसूत्र गति और अर्धसूत्रण, गुणसूत्र मानचित्र। जीन धारणा और कार्य -डीएनए का वेट्सन-क्रिक मॉडल, आनुवंशिक कूट,प्रोटीन संश्लेषण, लिंग गुणसूत्र और लिंग निर्धारण। **2.आनुवंशिकी :** वंशागति की मेंडल के नियम, पुर्नयोग सहलग्नता और सहलग्नता चित्र, बहु एलील, उत्परिवर्तन (प्राकृतिक और प्रेरित) उत्परिवर्तन और विकास, गुणसूत्र की संख्या और प्रारुप संरचनात्मक पुनर्विन्यास, बहुगुणिता, प्रोकैरियोटों और युकोरियोटों में जीन अभिव्यक्ति का नियमन, मानव गुणसूत्री अपसामानताएं, जीन और रोग, सुजनन विज्ञान, आनुवंशिक अभियांत्रिकी, पुनर्योगज डीएनए तकनीकी ओर जीन क्लोनिंग। **3.<u>विकास और वर्गीकरण विज्ञान</u> :** विकास के सिद्धान्त जैव विभिन्नता का स्रोत और उसकी प्राकृतिक वरण, हार्डी -वाइनबर्ग नियमः गोपक और भयसूचक रंजन, अनुहरण, प्रार्थक्य क्रिया विधियां, और उनकी भूमिका -द्वीपीय प्राणिजात, स्पीशीज और उपस्पीशीज की धारणा ,वर्गीकरण के सिद्धान्त। प्राणिनाम पद्धति, प्राणि-भौगोलिक परिमंडल और अन्तर्राष्ट्रीय संहिता, जीवाश्म, भू वैज्ञानिक महाकल्प, घोड़े और हाथी की जातिवृत्त, मानव की उत्पत्ति और उसका विकास, जन्तुओं के महाद्वीपीय वितरण के सिद्धान्त और वाद, विश्व के प्राणि-भौगोलिक परिमंडल।

खण्ड-ब : <u>जैव रसायन, शरीर क्रिया विज्ञान और परिवर्धन जैविकी</u>, 1.<u>जैव रसायन</u> : कार्बोहाइड्रेटो, लिपिडों (संतृप्त और असंतृप्त वसा अम्लों को लेकर) अमीनों अम्लों, प्रोटीनों और न्यूक्लीक अम्लों की संरचना, ग्लाइकॉलिसिस, क्रेब का चक्र, उपचयन और अपचयन, आक्सीकरणीं फास्फोरीलेशन ऊर्जा- संरक्षण और उसका मोचन, ए टी पी और सी ए एम पी एन्जाइमों के प्रकार, एन्जाइम क्रिया की क्रियाविधि, प्रतिरक्षाग्लोब्युलिन और प्रतिरक्षा विटामिन। **2. <u>शरीर क्रिया विज्ञान</u> :** स्तनियों के विशेष संदर्भ मेंः रूधिर की रचना, मानव में रुधिर वर्ग, स्कन्दन, आक्सीजन और कार्बन डाई आक्साइड का परिवहन, हीमोग्लोबिन, श्वसन और उसका नियमन, यूरिया का निर्माण, और मूत्र, अम्ल-क्षारक साम्य और समस्थापन, मानव में ताप-नियमन, तंत्रिका आवेग -एक्सॉन में चालन और सिनेप्स में पारगमन, तंत्रिका प्रेषी, दृष्टि श्रवण और घ्राणपेशियों के प्रकार, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और न्यूक्लीक अम्ल का पाचन और अवशोषण, पाचकरसों के स्राव कानियंत्रण, मानव का संतुलित आहार। स्टेरॉयड, प्रोटीन, पेप्टाइड और अमीनों अम्ल से व्ययुत्पन्त हार्मोन, हाईपौथलेमस, पिट्टयुटरी, थॉयरॉयड, पैराथायरॉयड पैनक्रियाज (अग्नाशय), एडरीनल (अधिक्क) गोनड (जेनद) और पिनियल अंक की भूमिका और उनके सम्बन्ध, मानव जनन का शरीर क्रिया विज्ञान, मानव में परिवर्धन का हार्मोनी नियंत्रण स्तनियों में फीरोमोन। **3. <u>परिवर्धन जैविकी</u> :** ब्रेकियोस्टोमा, मेढक और कुक्कुट में युग्मकजनन, निषेचनः अंड के प्रकार दिलन और गैस्टुलाभवन, मेढक और कुक्कुट के गैस्टुला के फेट मैप (भविष्य मानचित्र) मेढक में कायांतरण, कुक्कुट में भ्रूणबाहय कला का निर्माण और भविष्य, स्तनियों में उल्ब, अपरापोषिका और अपरा के प्रकार, संगठक परिघटना, पुनरुदभवन, परिवर्धन का अनुवांशिक नियंत्रण,मष्तिष्क , आंख और हृदय का अंग विकास, कालप्रभावन। कीट कायांतरण का हार्मोनी नियंत्रण।

3. रसायन विज्ञान : प्रथम प्रश्न पत्र

<u>परमाणु संरचना</u> : बोर का प्रतिरुप तथा उसकी सीमाएं, द-ब्राग्ली समीकरण, होइजेनबर्ग का अनिश्चता का सिद्धान्त, क्वाण्टम यांत्रिकीय ऑपरेटर तथा श्रॉडिजर तरंग समीकरण, तरंग फलन का भौतिक महत्व तथा इसकी विशेषताएं (सामान्यीकृत लॉम्बिक) अरीय वितरण तथा s, p, d एवं f कक्षकों की आकृतियां एक विमीय बाक्स में कण, इलेक्ट्रानिक ऊर्जाओं का क्वाण्टीकरण (हाइड्रोजन परमाणु का गुणात्मक अध्ययन पाउली का अपवर्जन सिद्धान्त, अधिकतम चक्रण की बहुलता आफबाऊ सिद्धान्त परमाणुओं का इलेक्ट्रानिक विन्यास, परालारेशियम तत्वों को सम्मिलित करते हुए आवर्त तालिका की दीर्घ प्रणाली। तत्वों के गुणों में आवर्तता तथा परमाणुक एवं आयनिक त्रिज्याएं, आयनन विभव, इलेक्ट्रान बंधुता तथा जलयोजन ऊर्जा।

नाभिकीय एवं विकिरण रसायनः नाभिक की संरचना (कोश मॉडल), नाभिकीय बल, नाभिकीय स्थायित्व n/p अनुपात, नाभिकीय बंधन ऊर्जा।रेडियोएक्टिवता की बल गतिकी, उसकी पहचान तथा मापन तत्वों का कृत्रिम तत्वान्तरण तथा नाभिकीय अभिक्रियायें , नाभिक विखण्डन तथा संगलन, रेडियों एक्टिव समस्थानिक तथाउनकी उपयोगिता, रेडियो कार्बन काल निर्धारण, विकिरण रसायन की प्रारम्भिक जानकारी, जल तथा जलीय विलयनों का रेडियो अपघटन, विकिरण रासायनिक उत्पाद की इकाई (जी-मान) फ्रिक मात्रामिति।

रासायनिक आबंधन संयोजकता आबन्ध सिद्धान्त(हाइटलर लंदन तथा पाउलिंग-स्लेटर के सिद्धान्त), संकरण, वी.एस.ई पी आर सिद्धान्त तथा साधारण अकार्बनिक अणुओं की आकृतियां। आण्विक कक्षक सिद्धान्त आबंधन, अनाबन्धन तथा प्रतिआबंधन आण्विक कक्षक, समांग तथा विषमांग द्विपरमाणुक अणुकों की आण्विक कक्षक ऊर्जा स्तर आरेख, आबंध क्रम, आबंध दैर्ध्य, एवं आबंध सामर्थ्य, सिग्मा तथा पाई आबंध, हाइड्रोजन आबंध सहसंयोजी आबंध की विशेषताएं। s तथा p खण्ड के तत्वों का रसायन : s तथा p खण्ड के तत्वों का सामान्य गुण तत्वों का रासायनिक सक्रियता तथा समूह प्रवृत्तियां, उनके हाइड्राइडों, हैलइडो तथा आक्साइडो का रासायनिक आचरण।

संक्रमण तत्वों का रसायन : सामान्य विशेषताएं, परिवर्ती आक्सीकरण अवस्थाएं, जटिलों का निर्माण, उनका रंग तथा चुम्बकीय एवं उत्प्रेरिकीय गुण। आयनिक त्रिज्याओं, आक्सीकरण अवस्थाओं तथा चुम्बकीय गुणों की दृष्टि से 4d और 5d संक्रमण तत्वों एवं उनके अनुरूप 3d तत्वों का तुलनात्मक अध्ययन।

लैथेनाइडों तथा एक्टिलाइडों का रसायन : लैथेनाइडों, संकुचन, आक्सीकरण अवस्थाएं, लैथेनाइडों तथा एक्टिलाइडों के पृथक्करण का सिद्धान्त, उनके यौगिकों का चुम्बकीय तथा स्पेक्ट्रमी गुण। **<u>उप सहसंयोजन रसायन</u> :** उप सहसंयोजन यौगिकों का वर्नर सिद्धान्त नाम पद्धति की आई.यू.पीए.सी. (IUPAC) प्रणाली प्रभावी परमाणु क्रमांक, उप सह संयोजन यौगिकों में समावयवता, संयोजकता बंध सिद्धान्त तथा उसकी सीमाएं, क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धान्त अष्टफलकीय, चतुष्फलकीय तथा वर्ग तलीय जटिलों में d कक्षकों का क्रिस्टल क्षेत्र विपाटन। dq तथा इसके मान को प्रभावित करने वाले कारक d^1 से d^9 तक के लिए क्रिस्टल क्षेत्र स्थायित्व ऊर्जाओं की गणना, दुर्बल तथा प्रबल क्षेत्र के अष्टफलकीय जटिल, स्पेक्ट्रो रासायनिक श्रेणी। 3d संक्रमण धातु जटिलों के इलेक्ट्रानिक स्पेक्ट्रम, इलेक्ट्रानिक उत्तेजन के प्रकार d^1 से d^{10} निकायों के लिए स्पेक्ट्रमिकी आद्य अवस्थाएं। **जैव अकार्बनिक <u>रसायन</u> :** जैविक प्रक्रमों में अनिवार्य तथा सूक्ष्म मात्रिक तत्व, धात्विक पार्फिरिनहीमोग्लोबिन तथा मायाग्लोबिन। ca^{2+} के विशेष संदर्भ में क्षारीय तथा मृदाक्षारीय धातु आयनों का जैविक महत्व।

निम्नांकित आकर्बनिक यौगिकों का बनाना, उनके गुण धर्म तथा उपयोगः भारी जल, बोरिक एसिड, डाइबोरेन, हाईड्राजिन,एमीन, पोटैशियम डाइक्रोमेट, पोटैशियम परमैगनेट, Ce (IV)सल्फेट तथा Ti (III) सल्फेट।

<u>बहुलक</u> : संख्या माध्य तथा भार माध्य अणुभार। अवसादन, प्रकाश विकीर्णन, श्यानता तथा परसारण दाब, विधियां द्वारा बहुलकों के अणुभार का ज्ञात करना। बहुलकों की प्रत्यास्थता तथा क्रिस्टलता। बोराजन, सिलीकोन तथा फास्फोनाइट्रिलिक हैलाइड बहुलक। रासायनिक ऊष्मा गतिकी : ऊष्मा गातिकी फलन, ऊष्मा गतिकी के नियम तथा विभिन्न भौतिकी रासायनिक प्रक्रमों में उसके अनुप्रयोग। रासायनिक विभव की धारणा, गिब्ज-ड्यूहेम समीकरण क्लासियस -क्लेपेरान समीकरण सहजात गुण धर्मो का ऊष्मागतिकी विवेचन। रासायनिक बल गतिकी : अभिक्रिया की अणुकता तथा कोटि अभिक्रिया कोटि ज्ञात करने की विधियां, सक्रियण ऊर्जा, अभिक्रिया दरों का संगठन, सिद्धान्त, स्थिर अवस्था सन्निकटन, अभिक्रिया दरों का संक्रमण अवस्था सिद्धान्त, प्रथम कोटि की क्रमागत उत्क्रमणीय तथा पार्श्व अभिक्रियाएं। प्रावस्था

Continued....

साम्यः प्रावस्था घटक तथा स्वतंत्रता की कोटि, एक तथा दो घटक निकाय का प्रावस्था आरेख, नर्न्सट का वितरण नियम के अनुप्रयोग। विद्युत रसायनः विद्युत चालन के नियम अभिगमनांक, अभिगमनांक ज्ञात करना (हिटार्फ तथा गतिशील सीमांक विधि,) विलेयता तथा विलेयता गुणनफल ज्ञात करने की चालकता विधि, आयनी साम्य, प्रबल विद्युत अपघट्यों का सिद्धान्त सक्रियता गुणांक का डेबाई -हकल सिद्धान्त जल का आयनी गुणनफल P^H अम्लक्षार सूचक, उभय आयन प्रभाव, वफर विलयन, विलेयता गुणनफल और विश्लेषण में इसका अनुप्रयोग।

ठोस अवस्था का रसायन : ठोसों का वर्गीकरण, क्रिस्टल तंत्र क्रिस्टलों मेंसमिति के तत्व, त्रिविम जालक तथा एकक सेल, बंध प्रकार के आधार पर क्रिस्टलों का वर्गीकरण आयनी ठोस, धात्विक ठोस, सह संयोजी ठोस तथा अणुक ठोस, गोलकों का सुसंकुलन, षटकोणीय सुसंकुलन, घन सुसंकलन, उपसहसंयोजन क्रमांक तथा त्रिज्या अनुपात प्रभाव। एक्स-किरण विवर्तन के लिए ब्रैग का नियम, पावडर विधि Nacl तथा Kcl की क्रिस्टल संरचनाएं। **पृष्ठ रसायन** : कोलाइडों का स्थायित्व तथा उन पर आवेश का उद्गम, विद्युत गतिकी विभव, भौतिक तथा रासायनिक अधिशोषण विभिन्न प्रकार के अधिशोषण समतापी समांगी तथा विषमांगी उत्प्रेरण, एन्जाइम उत्प्रेरण (माइकेलिसमेंटन समीकरण) **अणु स्पेक्ट्रमिकी** : घूर्णन स्पेक्ट्रम : दृढ तथा अदृढ़ घूर्णक मॉडल, द्विपर-माण्डक अणुओं में बंध दूरी का निर्धारण, समस्थानिक प्रतिस्थापन। **कम्पन घूर्णन स्पेक्ट्रम** : संनादि तथा असंनादि कम्पन, द्विपरमाणुक अणुओं की कम्पन ऊर्जायें, शून्य बिन्दु ऊर्जा, बल स्थिरांक का मूल्यांकन। आधारभूत आवृत्ति अधिस्वरक ऊष्मा बैंड, बहु परमाणुक अणुओं में स्वतंत्रता की कोटि, समूह आवृत्तियों की धारणा। **रामन स्पेक्ट्रम** : रामन प्रभाव, स्टोक तथा प्रतिस्टोक, रेखायें तथा तीव्रता अन्तर पारस्परिक अपवर्जन का नियम। **इलेक्ट्रानी स्पेक्ट्रम** : इलेक्ट्रानी उत्तेजन, फैंक-कॉण्डान सिद्धान्त, प्रतिदीप्ति तथा स्फुर दीप्ति।

रसायन विज्ञान - द्वितीय प्रश्न पत्र

सामान्य कार्बनिक रसायन : इलेक्ट्रानिक विस्थापन-प्रेरणिक इलैक्ट्रोमरी तथा मेसोमरी प्रभाव। संयुग्मन एवं अति संयुग्मन अनुनाद तथा कार्बनिक यौगिकों के लिये इसका अनुप्रयोग, इलेक्ट्रान स्नेही, नाभिक स्नेही, कार्बोकेटायन, कार्बएनियन तथा मुक्त मूलक। कार्बनिक अम्ल तथा क्षार। कार्बनिक अम्लों तथा क्षारों के सामर्थ्य पर संरचना का प्रभाव। हाईड्रोजन बंध तथा कार्बनिक यौगिकों के गुणों पर इसका प्रभाव। कार्बनिक अभिक्रियाओं की क्रियाविधि की धारणाा योगात्मक प्रतिस्थापन, विलोपन, अभिक्रियाओं, तथा आणविक पुर्नविन्यास की क्रिया विधि। इलेक्ट्रान स्नेही तथा नाभिक स्नेही एरोमैटिक प्रतिस्थापना की क्रिया विधि। निम्नलिखित अभिक्रियाओं की क्रियाविधि : एल्डोल संघनन, क्लेजन संघनन, बेकमैन पुर्नविन्यास, पार्किन अभिक्रिया, राइमर टीमन अभिक्रिया, कैनिजारों अभिक्रिया, फ्रीडेल-क्राफ्टस अभिक्रिया, रिफार्मेटिस्की की अभिक्रिया तथा वागनर मीरवाइन अभिक्रिया। **एलिफैटिक यौगिक** : निम्नलिखित वर्ग के साधारण कार्बनिक यौगिकों का रासायन जिसमें विशेषकर उन अभिक्रियाओं की क्रियाविधि के सन्दर्भ में उल्लेख हो जो इन यौगिकों के साथ हो रही हो, एल्केन, एल्कीन, एल्काइन, एल्किल, हैलाइड, एल्कोहल, ईथर, थायोल, एल्डिहाइड, कीटोन $\alpha-\beta$ असंतृप्त कार्बोनिक यौगिक, एसिड तथा उनके व्युत्पन्न , एमीन, एमीनोएसिड, हाइड्राक्सी एसिड, असंतृप्त एसिड तथा द्विक्षारिक एसिड। मैलानिक एस्टर, एसिटोएसिटिक एस्टर, गीन्यार अभिकर्मक, कार्बीन डाइएजोमीथेन तथा फास्फोरेन की संश्लेषण उपयोगिताए।। **कार्बोहाइड्रेट** : वर्गीकरण, साधारण , मोनेसैकेराइड के विन्यास तथा उनकी सामान्य अभिक्रियायें, ओसाजोन, का बनना, परिवर्ती ध्रूवण घूर्णन पाइरानोस तथा फ्यूयरानोस की संरचनायें। एल्डोस तथा कीटोस में श्रृंखला दीर्घीकरण तथा श्रृंखला लघुकरण ग्लूकोस तथा फ्रक्टोस का अन्तरपरिवर्तन। **त्रिविम रसायन तथा संरूपण** : सममिति के तत्व, साधारण कार्बनिक यौगिकों में प्रकाशीय तथा ज्यातिमीयसमायवता। सम्पूर्ण विन्यास (R तथा S) ज्यामितीय समावययों के विन्यास E तथा Z संकेतन एकल तथा द्विप्रतिस्थापित साइक्लोहेक्सेनों के संरूपण नौकास्प तथा कुर्सी स्प। **एरोमैटिक यौगिक** : बेन्जीन की आधुनिक संरचना एरोमैटिसिटी की धारणा हकल नियम तथा इसका अबेजीनीय एरोमैटिक यौगिकों के लिये साधारण अनुप्रयोग। प्रतिस्थापित समूहों का सक्रियण तथा निष्क्रयण प्रभाव। दैशिक प्रभाव। एल्किल तथा बेंजीन वलय से जुड़े निम्नलिखित समूहों वाले यौगिकों का अध्ययन। हैलोजेन, हाईड्राक्सी, नाइटों तथा एमीनों समूह। सल्फानिक एसिड, बेंजजडिहाइड, सैलेसिलडिहाइड, एसिटोफीनोन, बेंजोइक, सौलिसिलक, थेलिक, सिनैमिक तथा मैण्डेसिक एसिड। **नैपथलीन तथा पिरीडीन** : संश्लेषण, संरचना तथा महत्वपूर्ण अभिक्रियायें एल्कलॉयडों के संरचना निर्धारण की सामान्य विधियां। निकोटीन का रसायन। **कार्बनिक बहुलक** : बहुलीकण की क्रियाविधि, औद्योगिक महत्व के बहुलक संशलेषित रेशे। **जीव सेलों का रसायन** : संक्षिप्त परिचय, रसायनिक संघटक, सेल झिल्ली अम्ल क्षार संतुलन, विसरण तथा सक्रिय अभिगमन, डॉनन झिल्ली साम्य। **एन्जाइम तथा सह एन्जाइम** : नाम पद्धति तथा विशेषतायें एन्जाइम सक्रियता प्रभावित करने वाले कारक। एन एम आर स्पेकट्रमीकी पी एम आर का सिद्धान्त, रासायनिक स्थित्यन्तरण , चक्रण-चक्रण युग्मन, साधारण कार्बनिक अणुओं के लिये पीएम आर स्पेक्ट्रमों की व्याख्या। **वैश्लेषिक आंकड़ों का मूल्यांकन** : त्रूटियां, यथार्थता तथा परिशुद्धता, आपेक्षिक तथा मानक विचलन, संदेहपूर्ण निरीक्षणों का निराकरण, टी परीक्षा, क्यू परीक्षा। **विलायक निष्कर्षण** : वितरण नियम, विपरीत धारा वितरण की क्रैग परिकल्पना, महत्वपूर्ण विलायक निष्कषर्ण निकाय। **वर्णलेखी विज्ञान** : वर्णलेखी विज्ञान। वर्णलेखी प्रविधियों का वर्गीकरण, अधिशोषण के सामान्य सिद्धांत, विभाजन आयन विनियम, कागज वर्ग लेखन तथा विरलपरत वर्ग लेखन। **पर्यावरणीय रसायन विज्ञान** : वायु प्रदूषक एवं उनके विषाक्त प्रभाव, ओजोन परत का विघटन, नाइट्रोजन के आक्साइड का प्रभाव, फ्लोरो-क्लोरो-कार्बन तथा ओजोन परत पर उसका प्रभाव, पादप गृह प्रभाव अम्ल वर्षा।

4. भौतिक विज्ञान : प्रथम प्रश्न पत्र

यांत्रिकी ऊष्मीय भौतकी तथा तरंग एवं दोलन : **1. यांत्रिकी** : संरक्षण नियम, संघट्ट, प्राचल, प्रकीर्णन प्रच्छेद, द्रव्यमान केन्द्र तथा प्रयोगशाला तंत्र भौतिक राशियों के रूपान्तरण के साथ। रदरफोर्ड प्रकीर्णन। नियत बल क्षेत्र के भीतर राकेट की गति। रोटेरिंग फ्रेम ऑफ रिफरेन्स। कोरियालिस बल। दृढ़ पिण्डों की गति। घूर्णन करती वस्तुओं की गतिकी। जड़त्वाघूर्ण, समानान्तर तथा अभिलम्बवत अक्षों का नियम। गोला, रिंग, बेलन, डिस्क का जड़त्वाघूर्ण। कोणीय संवेग टार्क (बलाघूर्ण, टाप का प्रेसिसन, गाइरास्कोप, केन्द्रीय बल। व्युत्क्रमवर्ग नियम के अन्तर्गत गति, केपलर के नियम। कृत्रिम उपग्रह की गति (भूस्थिर उपग्रह भी) गैलोनियन सापेक्षिकता। विशिष्ट सापेक्षिकता सिद्धान्त, माइकेल्सन मोरले का प्रयोग। लारेन्ज का रूपान्तरण, वेगों के योग का नियम। द्रव्यमान का वेग के साथ परिवर्तन, द्रव्यमान-ऊर्जा समतुल्यता व तरल गतिकी, स्ट्रीमलाइन, रेनोल्ड संख्या, श्यानता, संकीर्ण नालिका से द्रवों के प्रवाह सम्बन्धी पाइजोली का सूत्र विक्षोप, बर्नोली का समीकरण तथा उसके सामान्य अनुप्रयोग।

2. ऊष्मा भौतिकी : उष्मागतिकी के नियम, एण्ट्रापी, कार्नोचक्र, समतापीय तथा रुद्रोष्म परिवर्तन। ऊष्मा गतिक विभव, हेल्महोल्ज तथा गिब के फलन। मैक्सवेल सम्बन्ध।क्लासियस- क्लेपरान समीकरण। उत्क्रमणीय सेल। जूल -केल्विन प्रभाव।स्टीफान बोल्मैन नियम। गैसों का गत्यात्मक सिद्धान्त। वेग के वितरण का मैक्सवेल नियम। ऊर्जा का समविभाजन, गैसों की विशिष्ट ऊष्मा, मध्य-मुक्त पथ ब्राउनी गति। कृष्णिका विकिरण। ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा, आइन्स्टीन तथा डीवाई सिद्धान्त। बीन का नियम, प्लैंक का नियम, सौर नियतांक। साहा का ऊष्मीय आयनीकरण का सिद्धान्त तथा नक्षत्रीय स्पेक्ट्रम। रूदमीय विचुम्बकन द्वारा निम्न ताप उत्पादन तथा तनु पशीतलन। ऋणात्मक ताप की अवधारणा।

3. तरंग एवं दोलन : दोलन सरल आवर्तगति। सरल आवर्तगति के उदाहरण, द्रव्यमान स्प्रिंग तथा एलसो परिपथ। अप्रगामी तथा प्रगामी तरंगे। अवमंदित सरल आवर्तगति, प्रणोदित दोलन तथा अनुनाद। अनुनाद की तीक्ष्णता। तरंग समीकरण। हरमोनिक हल। समतल तथा गोलीय तरंगे, तरंगों का अध्यारोपण। दो अभिलम्बवत सरल आवर्तगतियां लिसाजू आकृतियां। आवर्ती तरंगों का फूरियर विश्लेषण-वर्ग तथा त्रिकोणीय तरंगे। कला तथा समूह वेग, विस्पंद। हराइगेन का सिद्धान्त। आयाम एवं तरंगाम का विभाजन, फ्रनेल बाइप्रिज्म न्यूटन-रिंग मोकेलसन इण्टरफेरोमीटर, फेब्रीपरा, इण्टरफेरोमीटर। विवर्तन-फ्रनेल तथा फ्रानहोंफर फूरियन रूपान्तरण के रूप में विवर्तन। आयताकार एवं वृत्ताकार द्वारकों से फ्रनेल तथा फ्रानहोंफर विवर्तन। सीधेकोर, एकल तथा बहुस्लिटों से विवर्तन, ग्रेटिंग की विभेदन क्षमता। प्रकाशित उपकरण। रेले का मानक। ध्रुवण, ध्रुवित प्रकाश (रेखीय, वृत्तीय तथा दीर्घवृत्तीय) का उत्पादन तथा संसूचन। ब्रूस्टर-नियम, द्विवअपवर्तन का हाइगेन सिद्धान्त। प्रकाशीय घूर्णन, पोलारीमीटर, लेसर श्रोत (हीलियनमनीयोन, रूबी तथा अर्ध चालक डायोड) स्थानीय एवं समायिक कला सम्बद्धता की अवधारणा। हेलोग्राफी सिद्धान्त तथा अनुप्रयोग।

भौतिक विज्ञानः द्वितीय प्रश्न-पत्र

वैदयुत तथा चुम्बकत्व, आधुनिक भौतिकी तथा इलेक्ट्रानिकी

1. वैदयुत का चुम्बकत्व : कूलम्ब का नियम वैदयुत क्षेत्र गास का नियम, वैदयुत विभव, समरूप क्षेत्र में समांग परावैदयुत तथा अनावेशित गोलीय चालक हेतु पायर्जों एवं लाप्लास के समीकरण बिन्दु आवेश तथा अनन्त संचालक तल। वैदयुत धाराः किरचाफ का नियम तथा इसके अनुप्रयोगः ह्वीट स्टोन सेतु, केल्विन डबल ब्रिज, कैरीफास्टर ब्रिज। बायो-सावर्ट नियम तथा उसके अनुप्रयोग। एम्पीयर का परिपथीय नियम तथा अनुप्रयोग। चुम्बकीय प्रेरण तथा क्षेत्र तीव्रता, चुम्बकीय शेल। वृत्ताकार कुण्डली के अक्ष पर चुम्बकीय क्षेत्र, हेल्महोल्ज कुण्डली। वैदयुत चुम्बकीय प्रेरणः फैराडे एवं लैन्ज का नियम। स्व एवं अन्योन्य प्रेरकत्व प्रत्यावर्ती धारा, एल सी आर परिपथ, श्रेणी एवं समान्तर अनुनाद परिपथ, गुणता गुणांक। मैक्सवेल के समीकरण तथा वैदयुत चुम्बकीय तरंगों की अनुप्रस्थ प्रकृति। पाईण्टिंग वेक्टर। द्रव्यों में चुम्बकीय क्षेत्र प्रति अनु फेरो प्रतिफेरो तथा फेरी चुम्बकत्व (गुणात्मक उपागम मात्र) शैथिल्यता।

2. आधुनिक भौतिकी : हाइड्रोजन परमाणु का बोर सिद्धान्त, इलेक्ट्रान, इलेक्ट्रान स्पिन। प्रकाशित एवं एक्स-रे स्पेक्ट्रा। स्टर्न-गरलैक प्रयोग तथा स्थानिक क्वाण्टीकरण। परमाणु का वेक्टर माडल स्पेक्ट्रमी पद, स्पेक्ट्रमी रेखाओं की सूक्ष्म संरचना J-j तथा L-S युग्मन। जीमान प्रभाव। पालों का अपवर्जन सिद्धान्त। दो समतुल्य तथा भिन्न इलेक्ट्रानों की स्पेक्ट्रमी पद। इलेक्ट्रानिक बैण्ड स्पेक्ट्रा की स्थूल तथा सूक्ष्म संरचना। रामन प्रभाव। प्रकाश वैदयुत प्रभाव क्राम्पटन प्रभाव, डी ब्रागली तरंगे। तरंगकण दवैतता। अनिश्चितता का सिद्धान्त। क्वाण्टम यांत्रिकी की अभिधाराएं। श्रौडिंगर समीकरण का अनुप्रयोग (1) बाक्स में स्थित कण तथा (2) पद विभव के आरपार गति में। एक विमीय हार्मोनिक दोलक, आइगन मूल्य तथा आइगन फलन। रेडियोधर्मिता, आल्फा, बीटा तथा गामा विकिरण। अल्फा क्षय का प्रारम्भिक सिद्धान्त, नाभिकीय बन्धन ऊर्जा, मास स्पेक्ट्रोस्कोपी, सेमी एम्पीरिकल मास फार्मूला नाभिकीय विखण्डन तथा संलयन। प्रारम्भिक रिएक्टर भौतिकी। मूल कण तथा उनके वर्गीकरण। तीव्र तथा कत वैदयुत चुम्बकीय अन्तक्रिया। कणत्वरित्र साइक्लोट्रान रेखीय त्वरित्र अतिचालकता का प्रारम्भिक ज्ञान।

3. इलेक्ट्रानिकी : ठोस का बैण्ड सिद्धान्तः चालक कुचालक तथा अर्द्धचालक। नैज तथा वाह्य अर्द्धचालक। पी एन संधि, थर्मिस्टर जेनर डायोड। पश्व एवं अग्न अभिनत पी एन संधि। सौर सेल। रेडियों आवृत्ति तरंगों के दिष्टीकरण, प्रवर्धन दोलन, माडुलेशन तथा संसूचन में डायोड तथा ट्रांजिस्टर का उपयोग ट्रांजिस्टर अभिग्रहण। टेलीविजन। लाजिक गेट तथा उनके सत्य तालिका उनके कुछ उपयोग।

5. गणित - प्रथम प्रश्न पत्र

रैखिक बीज गणित : सदिश समष्टि आधार, परिमित जनित समष्टि की विमा, रैखिक रूपान्तरण रैखिक रूपान्तरण की कोटि तथा शून्यता कैली हैमिल्टन प्रमेय, अभिलक्षणिक मान तथा अभिलक्षणिक सदिश। रैखिक रूपान्तरण का आव्यूह, पंक्ति तथा स्तम्भ समसंनयन, सोपानक रूप, तुल्यता, संर्वाग समता तथा उपरूपता, विहित रूपों में समानयन। लाम्बित, सममित, विषय सममित ऐकिक, हमिटी तथा विषम हमिटी आव्यूह, उनका अभिलक्षणक मान, द्विपाती तथा हमिटी रूपों के लाम्बिक तथा एकिक समानयन। धनात्मक निश्चित द्विपाती रूप, सहकालिक समानयन। **कलन** : वास्तविक संख्याएं, सीमाएं सान्तत्य, पद कलनीयता, माध्यमान प्रमेय टेलेर प्रमेय, अनिधार्य रूप, उच्चिष्ट तथा निम्निष्ठ। बन्धता, अनुरेखरण, अन्तरस्पर्शी। बहुचर फलन, आशिंक अवकलन उच्चिष्ठ तथा निर्मिनिष्ठ। जैकोबीय। निश्चित तथा अनिश्चित समाकल द्विर्श तथा त्रिशः समाकल (केवल प्रविधियां) बीटा तथा गामा फलनों में अनुप्रयोग। क्षेत्रफल आयतन, गुरूत्व केन्द्र। **दो तथा तीन विमाओं की वैश्लेषिक ज्यामिति** : कार्तीय तथा ध्रुवीय निर्देशांकों में दो विमाओं में एक घातीय तथा द्विघातीय समीकरण। समतल, गोला, परवलजय, दीर्घ वित्तज तथा एक एवं दो परतों वाला अति परवलयज तथा उनके प्रारम्भिक गुण। समष्टि में वक्रता तथा मरोड़ फ्रैनेट सूत्र। **अवकल समीकरण** : अवकल समीकरण की कोटी तथा घात, प्रथम कोटी तथा प्रथम घात के समीकरण, पृथक्करणीयचर, समघात रैखिक तथा यथातथ अवकल समीकरण अचर गुणांकों सहित अवकल समीकरण। पूरक फलन तथा e^{ax}, cos ax, sin ax, x^m, e^{ax}, cos^{bx}, e^{9x}, sin bx के सन्दर्भ में विशेष समाकल। **सदिश विश्लेषण** : सदिश बीज गणित, अदिश चर के सदिश फलनों का अवकलन, प्रवणता, डाइवर्जेन्स कर्ल के कार्तीय, बेलनी और गोलीय निदेशांकों में निरूपण तथा उनके भौतिक निर्वचन। उच्चतर कोटी के अवकलज, सदिश तत्समक तथा सदिश समीकरण, गाउस तथा स्टोक्स प्रमेय। **प्रदिश विश्लेषण** : प्रदिश की परिभाषा, निर्देशांको के रूपान्तरण प्रति परिवर्ती तथा सह परिवर्ती प्रदिशों का योग तथा गुणनफल, प्रदिशों का संकुतन, आन्तर गुणनफल, मूल प्रदिश, क्रिस्टोफेल प्रतीक, सह परिवर्ती अवकलन, प्रदिश संकेलन में प्रवणता, कर्ल तथा डाइवरजेन्स। **स्थौतिकी** : कर्ल निकय का संतुलन कार्य, और विभव ऊर्जा, घर्षण, सामान्य कैटेनरी, कल्पित कार्य के सिद्धान्त, संतुलन का स्थायीत्व, तीन विमाओं में बलों का संतुलन। **गतिकी** : स्वतंत्र और व्यवरोधी की कोटी, सरल रेखीय गति, सरल आवर्त गति, समतल पर गति, प्रक्षेपी व्यरूद्ध गति, कार्य तथा ऊर्जा, आवेगी बलों के अधीन गति। केपलर के नियम। केन्द्रीय बलों के अधीन कक्षायें। परिवर्ती द्रव्यमान की गति। प्रतिरोधी माध्यम में गति। **द्रव स्थैतिकी** : गुरू तरलों पर दाब, दिये हुए बल निकाय के अन्तर्गत तरलों का सन्तुलन, दाब केन्द्र, वक्र तलों पर प्रणोदक मान, तैरते हुए पिण्डो का सन्तुलन, सन्तुलन का स्थायित्व और गैसों का दाब, वायुमण्डल सम्बन्धी प्रश्न।

गणित - द्वितीय प्रश्न-पत्र

बीज गणित : 'समूह, उपसमूह, सामान्य उपसमूह, समूहो की समाकारिकता, विभाग, समूह, आधारी तुल्यकारिता प्रमेय, सिलों प्रमेय, क्रमचय समूह, कैली प्रमेय वलय तथा गुणजावली, मुख्य गुणजावली प्रांत, अद्धितीय गुणनखण्ड प्रान्त तथा यूकालिडीय प्रान्त, क्षेत्र विस्तार परिमित क्षेत्र। **वास्तविक विश्लेषण** : दूरिक समष्टि दूरिक समष्टि में अनुकम के विशेष संदर्भ सहित उनकी सांस्थितिकीं, कोशी अनुक्रम, पूर्णता, पूर्ति, संतत फलन, एक समान सांतत्य संहत समुच्चयों पर संतत फलनों के गुणधर्म। रीमान स्टीलजे समाकल, अनंतसमाकल तथा उनके अस्तित्व प्रतिबंध, बहुचर' फलनों के अवकल, स्पष्ट फलन-प्रमेय, उच्चिष्ठ तथा अल्पिष्ठ । वास्तविक तथा सम्मिश्र, पदों की श्रेणियों का निरपेक्ष और सप्रतिबंधी, अभिसरण, श्रेणियां की पुनः व्यवस्था, एक समान अभिसरण, अनन्त गुणनफल, श्रेणिया के लिये सातंत्य अवकलनीयता तथा समाकलनीयता, बहुसमाकल। **सम्मिश्र विश्लेषणः** वैश्लैषिक फलन, कोशी प्रमेय कोशी समाकल सूत्र, घात श्रेणियां, टेलर श्रेणियां,विचित्रताएं, कोशी अवशेष प्रमेय तथा परिरेखा समाकलन। **आंशिक अवकल समीकरण** : आशिक अवकल समीकरणों का बनाना, प्रथम कोटि के आंशिक अवकल समीकरणों के प्रकार, शार्पिट विधि, अचर गुणांकों सहित आशिंक अवकल समीकरण। **यांत्रिकी** : व्यापीकृत निर्देशांक, व्यवरोध होलीनोमी और गैर-होलीनोमी निकाय, डिअलम्बर्ट सिद्धान्त तथा लाग्रान्य समीकरण, जड़त्व आघूर्ण, दो विमाओं में दृढ़ पिण्डो की गति। **द्रव गतिकी** : सातंत्य समीकरण संवेग और ऊर्जा, अश्यान प्रवाह सिद्धान्त, द्विविमीय गति, अभिश्रवण गति, स्रोत और अभिगम। **संख्यात्मक विश्लेषणः** अविजीय तथा बहुपद समीकरण-सरणीयन विधि, द्विभाजन,मिथ्या स्थिति विधि, छेदन तथा न्यूटन-रफसन और इसके अभिसरण की कोटी। **अन्तर्वेशन तथा संख्यात्मक अवकलन** : समान या असमान सोपान अमाप सहित बहुपद अन्तर्वेशन। त्रूटि पदों सहित संख्यात्मक अवकलन सूत्र। साधारण अवकलन समीकरण का संख्यात्मक समाकलनः आयलर विधि, बहुसोपान प्राग्वक्ता-संशोधक विधियां-ऐडम और मिलने की विधि, अभिसरण और स्थायित्व, ''रूग्गेकुट्टे विधियां। **संक्रिय विज्ञान** : गणितीय प्रोग्रामन-अवमुख समुच्चयी की परिभाषा तथा कुछ प्राथमिक गुण, प्रसमुच्चय विधियां। आयती खेल और उनके हल।

6. भूगोल : प्रथम प्रश्न - पत्र

खण्ड-अ : भौतिक भूगोल

1. भू-आकरिकी : पृथ्वी की उत्पत्ति एवं संरचना, भूसंचलन, प्लेट विवर्तन तथा पर्वत निर्माण, भूसंलन, ज्वालामुखी क्रिया, अपक्षय एवं अपरदन, अपरदन, चक्रः भौम्याकार का क्रम-विकास-जलीय, हिमानी, पवन सामुद्रिक तथा कार्स्टः पुनरूत्थान एवं बहुचक्रीय भू-आकृतियां।

2. जलवायु विज्ञान : वायुमण्डल की बनावट एवं संरचना, सूर्यभिताप एवं उष्मा बजट,वायुमण्डलीय दाब एवं पवन, आर्द्रता एवं वृष्टिः वायु राशिया एवं वाताग्रः चक्रवात-उत्पत्ति, परिसंचरण एवं सम्बन्धित मौसम, विश्व जलवायु का वर्गीकरणः कोपेन तथा थार्नवेट।

3. समुद्र विज्ञान : समुद्रतल की बनावट, लवणता, सामुद्रिक धाराएं एवं ज्वार-भाटा, सामुद्रिक निक्षेप प्रवाल भित्तियां।

4. मिट्टी एवं वनस्पति : विकास, वर्गीकरण एवं विश्व- वितरण, मिट्टी एवं वनस्पति की पारस्परिकता, जैव समुदाय एवं अनुक्रम।

5. पारिस्थितिकी तन्त्र : संकल्पना, पारिस्थितिकी तन्त्र की संरचना एवं कार्यशीलता, परिस्थितिकी तन्त्र के प्रकार, प्रमुख जीवोम। पारिस्थितिक तन्त्रों पर मानव का प्रभाव तथा भूमण्डलीय पारिस्थितिकी समस्यायें।

खण्ड-ब : मानव भूगोल

1. भौगोलिक चिन्तन का क्रम-विकास : जर्मन फ्रांसीसी, ब्रिटिश, रूसी, तथा भारतीय भूगोल वेत्ताओं के योगदान, मानव-पर्यावरण अर्न्तसम्बन्ध के परिवर्तनशील चिन्तन फलक (पैराडाईम), प्रत्यक्षवाद का प्रभाव एवं सांख्यिकीय क्रान्ति, भूगोल में मॉडल एवं तंत्र भौगोलिक चिन्तन में अभिनव प्रवृत्तियां (क्रान्तिकारी, आचारपरक, फेनोमेनालाजिकल एवं पारिस्थितिकी चिन्तन फलक के विशेष सन्दर्भ में)।

2. मानव भूगोल : प्रमुख प्राकृतिक प्रदेशों में मानव निवास-मानव का अभ्युदय एवं प्रजातियां, सांस्कृतिक विकास एवं चरण, प्रमुख सांस्कृतिक परिमण्डल, जनसंख्या वृद्धि एवं वितरण, अन्तर्राष्ट्रीय प्रवजन, जनांकिकीय संक्रमण तथा समकालीन जनसंख्या समस्यायें।

3. अधिवास भूगोल : अधिवास भूगोल की संकल्पना, ग्रामीण अधिवास-प्रकृति, उत्पत्ति, प्रकार एवं प्रतिरूप। नगरीय अधिवास की संकल्पना, नगरीकरण के प्रतिरूप, प्रक्रियायें एवं परिणाम, केन्द्र स्थल सिद्धान्त, नगरों का वर्गीकरण, नगर-पदानुक्रम, नगरों की आकारिकी, ग्राम नगर सम्बन्धः नगरीय परिक्षेत्र एवं नगर उपान्त।

4. आर्थिक भूगोल : आधारभूत संकल्पनायें, संसाधन की संकल्पना, वर्गीकरण, संरक्षण एवं प्रबन्ध, कृषि की प्रकृति एवं प्रकार, कृषि भू-उपयोग के अवस्थिपरक सिद्धान्त, विश्व के कृषि प्रदेश, प्रमुख फसलें, खनिज एवं ऊर्जा संसाधन-स्थानिक उपलब्धता, भण्डार तथा उत्पादन प्रतिरूप, विश्व ऊर्जा संकट एवं विकल्प की खोज। **उद्योग** : औद्योगिक अवस्थिति के सिद्धान्त, विश्व के प्रमुख औद्योगिक प्रदेश, प्रमुख उद्योग-लोहा तथा इस्पात, कागज, वस्त्र, पेट्रोल-रसायरन, मोटरगाड़ी तथा पोत निर्माण- उनके अवस्थितिक प्रतिरूप एवं विकास अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, व्यापारिक प्रखण्ड, व्यापारिक मार्ग, पत्तन एवं भूमण्डलीय व्यापारिक केन्द्र, विश्व में आर्थिक विकास के प्रतिरूप, संघृत विकास की संकल्पना एवं उपागम।

5. राजनीतिक भूगोल : राष्ट्र एवं राज्य की संकल्पना-सीमान्त, सीमायें एवं ''बफर'' क्षेत्र, हृदयस्थल एवं उपान्त, संघवाद, सम-सामयिक विश्व भू-राजनीतिक समस्यायें।

भूगोल : द्वितीय प्रश्न पत्र - भारत का भूगोल

1. प्राकृतिक स्वरूप : भौमिकीय क्रम एवं संरचना-उच्चावच एवं अपवाह मिट्टी एवं वनस्पति, मिट्टी अवक्रमण तथा निर्वनीकरण, भारतीय मानसून की उत्पत्ति एवं प्रक्रिया, जलवायु प्रादेशिकरण, प्राकृतिक प्रादेशिकरण।

2. मानव स्वरूप : जनसंख्या का वितरण एवं वृद्धि , जनसंख्या की संरचात्मक विशेषतायें, कालिक-प्रादेशिक भिन्नतायें, प्रादेशिक ग्रामीण अधिवास, प्रतिरूप तथा ग्राम्य अकारिकी।

नगरीय अधिवास : भारतीय नगरों की वर्गीकरण-अवस्थितिक, कार्यात्मक, पदानुक्रामिक-नगर प्रदेश, नगर अकारिणी, नगरीकरण एवं नगरीय नीति।

3. कृषि : अवस्थापना, सिंचाई, ऊर्जा, उर्वरक प्रयोग, मशीनीकरण, कृषिगत भू-उपयोग की प्रादेशिक विशेषताएं, बंजर भूमि की समस्यायें एवं सुधार, फसल प्रतिरूप एवं गहनता, कृषिगत दक्षता एवं उत्पादकता हरित क्रान्ति के प्रभाव, कृषि प्रदेश, कृषि-परिस्थितिकी दशाओं के विशेष सन्दर्भ में कृषि समस्यायें एवं भूमि सुधार, सस्य संयोजन एवं कृषि प्रादेशीकरण। कृषि का आधुनिकीकरण एवं कृषि नियोजन।

4. खनिज एवं ऊर्जा संसाधन : अवस्थितिक प्रतिरूप, भण्डार एवं उत्पादन प्रवृत्तियां, खनिजों की परिपूरकता, ऊर्जा संसाधन, कोयला, पेट्रोलियम, जल विद्युत, बहुदेशीय नदी घाटी परियोजनायें, ऊर्जा संकट तथा विकल्प की खोज।

5. उद्योग : औद्योगिक विकास, प्रमुख उद्योग लोहा एवं इस्पात, वस्त्र, कागज, सीमेन्ट, उर्वरक, चीनी तथा पेट्रो-रसायन, औद्योगिक संश्लिष्ट एवं प्रदेश।

6. परिवहन एवं व्यापार : रेलमार्ग एवं सड़क तंत्र नागरिक उड्डयन एवं जल परिवहन की समस्यायें एवं सम्भावनाएं, अन्तप्रादेशिक वस्तु-प्रवाह, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की नीति एवं प्रवाह, प्रतिरूप, प्रमुख बन्दरगाह एवं व्यापार केन्द्र।

7. प्रादेशिक विकास एवं नियोजन : प्रादेशिक विकास की समस्यायें एवं क्षेत्रीय विकास रणनीति, भौगोलिक तथा नियोजन प्रदेश, महानगरीय, जनजातीय, पर्वतीय, सूखा पीड़ित प्रदेशों हेतु नियोजन तथा जलागम क्षेत्र प्रबन्धन।प्रादेशिक विकास में विषमतायें तथा पंचवर्षीय योजनाओं में नीति, संविकास (परिस्थितिकीपरक विकास) हेतु नियोजन।

8. राजनीतिक व्यवस्था : ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में एकता एवं विविधता, राज्य पुर्नगठन, प्रादेशिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता, केन्द्र राज्य सम्बन्ध के भौगोलिक आधार, भारत की अन्तर्राष्ट्रीय सीमाएं तथा तत्सम्बन्धी भू-राजनीतिक समस्यायें, भारत एवं हिन्द महासागर की भू-राजनीति, भारत एवं दक्षेस।

7. अर्थशास्त्र : प्रथम प्रश्न-पत्र

खण्ड क : आर्थिक सिद्धान्त

1. उपभोक्ता की मांग एवं सार्वभौमिकता : मांग का नियम, मांग की लोच की प्रवृत्ति एवं प्रकार, अनधिमान वक्र विश्लेषण तथा उपभोक्ता का संतुलन।

2. उत्पादन का सिद्धान्त : उत्पादन फलन, प्रतिफल, के नियम उत्पादन का संतुलन, लागत तथा आगम फलन, उत्पादन साधनों का मूल्य निर्धारण।

3. विभिन्न बाजार दशाओं में कीमत तथा उत्पादन निर्धारण लागतोपरि कीमत।

4. संतुलन : सामान्य व आंशिक, स्थायी एवं अस्थायी।

5. आर्थिक कल्याण का प्रत्यय : (प्रतिष्ठित) प्राचीन एवं नवीन कल्याण अर्थशास्त्र, पैरेटो अनुकूलतमता तथा क्षतिपूरक सिद्धान्त, उपभोक्ता का अतिरेक, आर्थिक कल्याण एवं प्रतिस्पर्धा।

6. राष्ट्रीय आय : प्रत्यय, अवयव तथा आकलन की विधियां, क्लासिकीय (प्रतिष्ठित) एवं केन्द्रीय रोजगार एवं आय के सिद्धान्त, पीगू तथा वास्तविक शेष प्रभाव, गुणक एवं त्वरत की अन्तक्रिया, व्यापार चक्र के सिद्धान्त (मौद्रिक एवं हिक्स का सिद्धान्त)

7. मुद्रा का सिद्धान्त : कीमत स्तर में परिवर्तनों की माप, मुद्रा पूर्ति का सिद्धान्त, मुद्रा गुणक, मुद्रा का परिमाप सिद्धान्त, मुद्रा की मांग के सिद्धान्त ब्याज दर का निर्धारण और वक्र विश्लेषण, स्फीति के सिद्धान्त तथा स्फीति नियन्त्रण की नीतियां।

8. मौद्रिक एवं बैंकिंग व्यवस्था : बैंक तथा अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका, केन्द्रीय बैंक तथा मुद्रा बाजार मौद्रिक प्रबन्धन की तकनीकी।

खण्ड-ख

1. राजवित्त सार्वजनिक व्यय एवं करारोपण के सिद्धान्त, करवंचना तथा करभार का स्थनान्तरण, कारारोपण के प्रभाव, राजकोषीय नीति और आर्थिक विकास, बजट की प्राप्तियों और व्यय का आर्थिक वर्गीकरण, बजट घाटे के प्रकार तथा अर्थव्यवस्था पर उनके प्रभाव।

2. अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र : अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के सिद्धान्त, हेक्शर ओलीन सिद्धान्त, प्रत्यार्पण वक्र (आफरकर्व) व्यापार शर्ते व्यापार एवं विकास, भुगतान संतुलन, भुगतान संतुलन में असंतुलन तथा असंतुलन को ठीक करने की नीतियां, स्थिर एवं अस्थिर विनियम दरें, स्वतंत्र व्यापार बनाम संरक्षण विदेशी ऋण एवं ऋण प्रबन्धन, अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक एवं व्यापारिक संस्थायें।

3. संवृद्धि एवं विकास, आर्थिक विकास के माप, आर्थिक संवृद्धि के सिद्धान्त, प्रतिष्ठित मार्क्स एवं हैरड, डोमर मॉडल, श्रम अतिरेक एवं पूजीं निर्माण के स्तर मानव पूजीं निर्माण की समस्या।

अर्थशास्त्र : द्वितीय-प्रश्न-पत्र

1. भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषतायें : राष्ट्रीय आय व प्रति व्यक्ति आय की प्रवृत्तियॉ, राष्ट्रीय आय की संरचना में परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि एवं आर्थिक विकास, भारतीय जनसंख्या की विशेषताएं व्यावसायिक संरचना में परिवर्तन, उद्योग एवं कृषि क्षेत्रों में अवस्थापना का विकास, ऊर्जा के स्रोतः पारम्परिक एवं गैर पारम्परिक, पर्यावरण प्रदूषण एवं उनका नियंत्रण।

2. भारतीय कृषि : भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्व, कृषि में संवृद्धि के स्रोत, भारतीय कृषि में संस्थागत परिवर्तन, भूमि सुधार व शाख आपूर्ति की विशेष संदर्भ में, भारतीय कृषि लागत व कीमत निर्धारण।

3. भारतीय औद्योगिक संवृद्धि एवं संरचना : भारत में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी कारपोरेट क्षेत्र, लघु एवं कुटीर उद्योग, औद्योगिक नीति प्रस्ताव, प्रतिस्पर्धा तथा औद्योगिक विकास, विदेशी, पूंजी प्रौद्योगिक तथा भारतीय उद्योगों का विकास, भारत में औद्योगिक रूग्णता, भारत में श्रम नीति सुधार।

4. भारत में बजटों की प्रवृत्ति तथा राजकोषीय नीति : केन्द्रीय व उत्तर प्रदेश सरकार के सार्वजनिक आगम व व्यय के प्रमुख स्रोत, केन्द्र सरकार के गैर योजना व्यय, केन्द्र सरकार के आन्तरिक एवं वाह्य ऋण, केन्द्र सरकार की बजट में राजकोष एवं आगम घाटे। दसवें वित्त आयोग की संस्तुतियां।

5. मुद्रा एवं बैंकिंग : भारत में मौद्रिक संस्थाएं, भारतीय रिजर्व बैंक, वाणिज्यिक बैंक, विशेष वित्तीय संस्थाएं (बैंकिंग व गैर बैंकिंग) रिजर्व मुद्रा के स्रोत, मुद्रा गुणक भारत में मौद्रिक नीति के उद्देश्य एवं विधियां तथा उसकी सीमाएं।

6. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार तथा भुगतान संतुलन : भारत का विदेशी व्यापार, मात्रा संरचना तथा दिशा, व्यापार नीतिः आयात प्रतिस्थापन, निर्यात प्रोत्साहन एवं आत्मनिर्भरता, आयात उदारीकरण तथा भुगतान संतुलन पर उसका प्रभाव, विदेशी ऋण तथा उसका भार रुपये की विनियम दर अवमूल्यन तथा उसका भुगतान, संतुलन पर प्रभाव, रुपये की परिवर्तनीयता, भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था से एकीकरण एवं विश्व व्यापार संगठन।

7. भारत में आर्थिक नियोजन : भारत में आर्थिक नियोजन की भूमिका, आर्थिक आयोजन के उद्देश्य,बेरोजगारी, आर्थिक गरीबी तथा क्षेत्रीय असंतुलन की समस्यायें, 1951 से भारतीय आर्थिक नियोजन की संक्षिप्त समीक्षा, भारत में नियोजन की रणनीति तथा इसमें हाल में हुये परिवर्तन, पंचवर्षीय योजना के वित्तीय संसाधन, आठवीं पंचवर्षीय योजना के उद्देश्य तथा उपलब्धियां, नवीं पंचवर्षीय योजना की प्रस्तावित रणनीति।

8. समाजशास्त्र : प्रथम प्रश्न-पत्र

सामान्य समाजशास्त्र (खण्ड-अ)

1. सामाजिक घटनाओं का अध्ययन एवं समाजशास्त्र के मूलभूत आधार : समाजशास्त्र का उद्भव इसकी प्रकृति तथा अध्ययन क्षेत्र। अध्ययन विधिः वस्तुनिष्ठता की समस्या एवं सामाजिक विज्ञानों में मापन सम्बन्धी विचार निर्देशन, शोध प्रारूप-वर्णनात्मक, अन्वेषणात्मक (गवेषणात्मक) तथा प्रयोगात्मक तथ्यों के संकलन की प्राविधियां-अवलोकन साक्षात्कार अनुसूची एवं प्रश्नावली।

2. सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य : प्रकार्यवादः रेडक्लिप ब्राउन, मैलिनास्की और मार्टन। संघर्ष सिद्धान्तः कार्लमार्क्स, राल्फ डेहरेन डार्फ और लेविस कोजर।प्रतिकात्मक अन्तः क्रियावासः सी. एन. कूले, जी. एच. मीड,और हर्बर्ट ब्लूमर। **संरचना वाद** : लेवीस्टास, एस. एफ़ नेडेल, पार्सन्स एवं मर्टने।

3. समाजशास्त्र के अग्रणी विचारक : अगस्त कोंत-प्रत्यक्षवाद एवं विज्ञानों का संस्तरण। हरबर्ट स्पेंसर-सावयवी ऊष्मा एवं उद्विकास का सिद्धान्त। कार्ल मार्क्स-द्वन्दात्मक भौतिकवाद एवं विरसन (वैराग्य) इमाईल दुरखीम-श्रमविभाजन, धर्म का समाजशास्त्र। मैक्सवेबर-सामाजिक क्रिया एवं आदर्श प्रारूप।

4. सामाजिक स्तरीकरण एवं विभेदीकरण : अवधारणा, स्तरीकरण के सिद्धान्त-मार्क्स, वेबर, डेविस एवं मूर, प्रकार-जाति एवं वर्ग प्रस्थिति एवं भूमिका,

Continued....

सामाजिक गतिशीलता प्रकार, व्यवसायिक गतिशीलता-अन्तः पीढ़ीगत तथा अन्तरपीढ़ीगत।

(खण्ड-ब)

5. **विवाह, परिवार तथा नातेदारी** : विवाह के प्रकार एवं स्वरूप, सामाजिक विधानों का प्रभाव, परिवार-संरचना एवं प्रकार्य, परिवार के बदलते प्रतिमान, परिवार सत्ता एवं नातेदारी, समकालीन समाज में विवाह एवं लिंगभेद की भूमिका।

6. **सामाजिक परिवर्तन एवं विकास** : अवधारणा, सामाजिक परिवर्तन के कारक एवं सिद्धान्त, सामाजिक आन्दोलन एवं परिवर्तन, सामाजिक नीति एवं विकास में राज्य का हस्तक्षेप, ग्रामीण रुपान्तरण की रणनीतियां सामुदायिक विकास कार्यक्रम, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, ग्रामीण युवाओं हेतु स्वयं रोजगार तथा जवाहर रोजगार योजना।

7. **आर्थिक एवं राजनैतिक व्यवस्था** : संपत्ति की अवधारणाः श्रमविभाजन के सामाजिक आयाम, विनियम के प्रकार, औद्योगीकरण, नगरीकरण एवं सामाजिक विकास शक्ति की प्रकृति-वैयक्तिक, सामुदायिक अभिजोन्मुख, वर्गगत, राजनैतिक सहभागिता के स्वरुप-जनतांत्रिक एवं निरंकुश।

8. **धर्म, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** : अवधारणा, परंपरागत एवं आधुनिक समाजों में धार्मिक विश्वास एवं धार्मिक भूमिकाएं, विज्ञान का आधार, विज्ञान का सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नियंत्रण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सामाजिक परिणाम।

9. **जनसंख्या एवं समाज** : जनसंख्या का आकार, प्रवृत्तियाँ, रचना निष्क्रमण, वृद्धि , भारत में जनसंख्या की समस्याएं, जनसंख्या शिक्षा।

समाजशास्त्र : द्वितीय प्रश्न-पत्र : भारतीय सामाजिक व्यवस्था

